शनिवार

19 नवम्बर 2022

डिजिटल संस्करण

# केशव टाइम्स
आपकी आवाज




रेलवे को डुमरांव से 10 करोड़ रु. की कमाई फिर भी लोगों की जान से हो रहा खिलवाड़ 4

प्रमुख खबरें : पटना ■ भोजपुर ■ बक्सर ■ रोहतास ■ पूर्वांचल ■ विविध ■ खेल ■ आर्थिक

## छोटी खबरें

### गाजियाबाद में नकली दवा बनाने की फैक्ट्री का भंडाफोड़

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में ड्रग विभाग ने साहिबाबाद औद्योगिक क्षेत्र में पशुओं की नकली दवा बनाने की फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। अधिकारियों ने सारा माल जब्त करते हुए फैक्ट्री में उत्पादन कार्य बंद करा दिया है। इस मामले में कोर्ट में रिपोर्ट पेश की जाएगी। ड्रग विभाग को सूचना प्राप्त हुई थी कि साहिबाबाद औद्योगिक क्षेत्र में राजेंद्रनगर गली-चार स्थित मैसर्स एरोक्सी वेटनरी फैक्ट्री में पशुओं की नकली दवाओं का निर्माण किया जा रहा है। इस सूचना पर ड्रग विभाग ने छापेमारी की।

### इंदौर में राहुल गांधी को उड़ाने की मिली धमकी

**इंदौर।** इंदौर में एक दुकान पर डाक से चिट्?ठी भेजकर राहुल गांधी को उड़ाने की धमकी देने से जुड़े एक व्यक्ति को हिरासत में लिया गया है। इसे कुछ देर पहले इंदौर के ही अन्नपूर्णा इलाके से उठाया गया है। उससे गोपनीय स्थान पर पूछताछ की जा रही है। कमिश्नर हरिनारायणाचारी मिश्रा ने बताया अन्नूपर्णा क्षेत्र से संदिग्ध को हिरासत में लिया है। यह वह व्यक्ति है जिसके नाम से चिट्ठी भिजवाई गई थी। युवक सिख समाज का है। गौरतलब है इंदौर की एक होटल पर सनसनीखेज लेटर पहुंचा था। इसमें कांग्रेस नेता राहुल गांधी की खालसा कॉलेज में होने वाली सभा पर हमले की धमकी दी गई।

### पटना के एक रेस्टोरेंट में लगी आग, बची जान

**पटना।** कंकड़बाग मेन रोड में गुरुवार की देर रात कबाब महल रेस्टोरेंट में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग फैल गई। जब तक दमकल की गाड़ी आती आग रेस्टोरेंट के बगल में स्थित सिल्क नाम के पकड़े दुकान में भी लग गई। घटना के वक्त करीब एक दर्जन लोग खाना खा रहे थे। कुछ अपने ऑर्डर का इंतजार कर रहे थे। किचन में काम कर रहे कर्मियों और रेस्टोरेंट के अन्य स्टाफ ने ग्राहकों को खींचकर बाहर निकाला। दरअसल किचन में रखे तीन सिलिंडर एक के बाद एक कर ब्लास्ट कर गए थे।

## तब तक चैन से नहीं बैठेंगे जब तक आतंकवाद का खात्मा नहीं हो जाता : मोदी

- आतंकवाद की फंडिंग से निपटने के तरीकों पर चर्चा के लिए दिल्ली में अंतरराष्ट्रीय मंत्रिस्तरीय सम्मेलन आयोजित
- यह सबसे अधिक महत्वपूर्ण है कि हम आतंकवाद के वित्तपोषण की जड़ पर प्रहार करें

**एजेंसी/नईदिल्ली**



आतंकी फंडिंग के खिलाफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को 'नो मनी फॉर टेरर' अंतरराष्ट्रीय मंत्रीस्तरीय सम्मेलन का उद्घाटन किया। इस मौके पर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह भी मौजूद रहे। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, यह बड़ी बात है कि यह सम्मेलन भारत में हो रहा है। उन्होंने कहा, दशकों तक हमारे देश को आतंकवाद ने चोट पहुंचाने की कोशिश की लेकिन हमने बहादुरी से इसके खिलाफ लड़ाई लड़ी। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा हम तब तक चैन से नहीं बैठेंगे जब तक आतंकवाद का खात्मा नहीं हो जाता। उन्होंने कहा लंबे समय से आतंकवाद का असरे गरीबों औरे स्थानीय अर्थव्यवस्था पर पड़ रहा है। इससे लोगों की रोजी-रोटी छिन रही है। यह सबसे अधिक महत्वपूर्ण है कि हम आतंकवाद के वित्तपोषण की जड़ पर प्रहार करें।

### नरेंद्र मोदी ने इशारों में पाकिस्तान को घेरा

प्रधानमंत्री ने कहा, आतंकवाद मानवता, स्वतंत्रता और सभ्यता पर हमला है। यह किसी भी देश की सीमा को नहीं पहचानता है। उन्होंने कहा, अगर आतंकवाद को हराना है तो हमें एकजुटता और शून्य-सहनशीलता का दृष्टिकोण अपनाना होगा। पीएम ने कहा, यह सभी जानते हैं कि आतंकवादी संगठनों को कई स्रोतों से धन प्राप्त होता है। इसका एक स्रोत किसी एक देश का समर्थन भी है। कुछ देश अपनी विदेश नीतियों के तहत आतंकवाद का समर्थन करते हैं। वे उन्हें राजनीतिक, वैचारिक और वित्तीय सहायता प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा, आतंकी फंडिंग के स्रोतों में से एक संगठित अपराध है। इसे अलग-थलग करके नहीं देखा जाना चाहिए। इन गिरोहों के अक्सर आतंकी संगठनों से गहरे संबंध होते हैं। आतंकियों को पनाह देनेवाले देश कई बार खुद ही आतंकवाद के शिकार हो जाते हैं। ऐसे में इस मानसिकता से बचने की जरूरत है।

### अमित शाह बोले... कट्टरपंथी सामग्री फैलाने के लिए आतंकवादी डार्क नेट का कर रहे इस्तेमाल



सम्मेलन में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि आतंकवादी हिंसा फैला रहे हैं, युवाओं को कट्टरपंथी बना रहे हैं और वित्तीय स्रोतों के नए रास्ते खोज रहे हैं। अपनी पहचान छुपाने और कट्टरपंथी सामग्री फैलाने के लिए आतंकवादी डार्क नेट का इस्तेमाल कर रहे हैं। क्रिप्टोकरेंसी जैसी आभासी संपत्ति का उपयोग भी बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि हमें डार्क नेट पर होने वाली ऐसी गतिविधियों के पैटर्न का विश्लेषण और समझना होगा और उनका समाधान खोजना होगा। दुर्भाग्य से कुछ ऐसे देश हैं, जो आतंकवाद से निपटने के हमारे सामूहिक संकल्प को कमजोर या नष्ट करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि अक्सर हमने देखा है कि कुछ देश आतंकवादियों को ढाल देते हैं और उन्हें शरण देते हैं। एक आतंकवादी को पनाह देना आतंकवाद को बढ़ावा देने के बराबर है। ऐसे तत्व और ऐसे देश अपने मंसूबों में कामयाब न हों, यह देखना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। शाह ने कहा कि अगस्त 2021 के बाद दक्षिण एशियाई क्षेत्र में स्थिति में व्यापक परिवर्तन हुए हैं। सत्ता में बदलाव, आईएसआईएस और अलकायदा के प्रभाव में वृद्धि क्षेत्रीय सुरक्षा के लिए एक बड़ी चुनौती बनकर उभरी है। नए समीकरणों ने टेरर फंडिंग के मुद्दे को और भी गंभीर बना दिया है।

### बिहार में बढ़ता अपराध: पांच की संख्या में आए अपराधियों ने चलाई ताबड़तोड़ गोली

## राजधानी में दिनदहाड़े युवक की गोली मारकर हत्या, तीन अपराधी गिरफ्तार

- गोली चलने की घटना के बाद उग्र भीड़ ने तीन अपराधियों को हथियार समेत दबोच लिया, जबकि दो शूटर भाग निकले
- लोगों ने अपराधियों की जमकर धुनिया करने के बाद उनकी बुलेट को आग के हवाले किया
- करीब तीन घंटे तक इलाके में रहा अफरातफरी का माहौल

**केटी न्यूज/पटना**

पटना के करबिगहिया इलाके में शुक्रवार को दिनदहाड़े बदमाशों ने अंधाधुंध फायरिंग की, जिसमें व्यवसायी राहुल कुमार (25) की गोली लगने से मौत हो गई। स्थानीय लोगों ने खदेड़ कर तीन आरोपितों को हथियार समेत दबोच लिया, जबकि दो शूटर भागने में कामयाब रहे। उग्र भीड़ ने पकड़े गए शूटरों की बुलेट बाइक को आग के हवाले कर दिया और जमकर प्रदर्शन किया। लोगों ने बांस-बल्ले से सड़क जाम कर दिया। सूचना मिलते ही कई थानों की पुलिस पहुंची। हालात पर काबू पाने के लिए तीन दर्जन लाठी बल भी मंगाया गया। करीब तीन घंटे तक इलाके में अफरातफरी का माहौल रहा। पुलिस ने मौके से खोखे बरामद किए हैं। सदर एएसपी सरदार संदीप सिंह ने बताया कि स्थानीय लोगों ने कुछ बदमाशों को पकड़ कर पुलिस को सौंपा है। उनके नाम और पते का सत्यापन कराया जा रहा है। राहुल के शव को पोस्टमार्टम के लिए इंदिरा गांधी आर्युविज्ञान संस्थान (आइजीआइएमएस) भेज दिया गया है। विधि-सम्मत कार्रवाई की जा रही है। प्रत्यक्षदर्शी व व्यवसायी राजेश कुमार पिंटू ने बताया कि करबिगहिया मस्जिद के सामने बिहारी साव लेन मोड़ पर अमर कुमार उर्फ पिक्कू की एनके इंटरप्राइजेज नामक दुकान है, जिसमें उन्होंने कई कंपनियों की एजेंसी ले रखी है और होलसेल का कारोबार करते हैं। दोपहर करीब एक बजे एक बिस्कुट कंपनी का माल टेंपो से उनकी दुकान पर अनलोड किया जा रहा था। तभी उस कंपनी की बेउर स्थित एजेंसी का कर्मचारी बंटी वहां पहुंचा और माल उतारने से मना करने लगा। इसको लेकर दोनों गुटों के बीच बहस होने लगी। कारण रहा कि अमर एजेंसी से माल नहीं लेकर दूसरी जगह से आपूर्ति करा रहे थे। बावजूद इसके अमर माल उतरवाने लगे। दोनों पक्षों के बीच बहस के बाद हाथापाई की नौबत आ गई। इसके बाद बंटी ने बुरा अंजाम भुगतने की धमकी देते हुए काल कर दो बुलेट बाइक पर सवार चार शूटरों को बुला लिया।



### पैदल घर जाने के दौरान युवक को लगी गोली

राहुल करबिगहिया काली मंदिर के नजदीक अग्रवाल भवन में रहते हैं। घटनास्थल के पास मनीष ट्रेडर्स नामक दुकान है, जिसमें खाद्य एवं पेय पदार्थ बनाने वाली कई नामी कंपनियों की एजेंसी है। दुकान के सामने उनके चाचा का मकान है। राहुल पारिवारिक व्यवसाय में सहयोग करते थे। वारदात के समय वे पैदल चाचा के घर जा रहे थे। इस बीच, शूटरों ने अमर की दुकान पर पहुंचकर अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। दो गोलियां अमर और उनके भाई विनय पर चलाई गईं, लेकिन वे बाल-बाल बच गए। फायरिंग होते ही सड़क पर भगदड़ मच गया। शूटरों ताबड़तोड़ फायरिंग कर रहे थे, जिसमें से एक गोली राहुल के बाएं बांह को छूते हुए दिल में लग गई। वे दो कदम बढ़ते ही जमीन पर गिर पड़े। इसके बाद स्थानीय दुकानदार अपराधियों को पकड़ने के लिए दौड़े तो वे बाइक छोड़कर हवाई फायरिंग करते हुए भागने लगे। जब पिस्तौल की गोलियां खत्म हो गईं तो वे बैंक आफ इंडिया की शाखा में घुस गए। लोगों ने शाखा का शटर बंद कर दिया, जिसके कारण बंटी समेत दो शूटर मौके पर ही दबोच लिए गए। लोगों ने उनकी जमकर पिटाई कर दी।




### सिवान में जदयू नेता पर जानलेवा हमला

**सिवान।** जिले में गुरुवार की रात बेखौफ अपराधियों ने एक जदयू नेता पर जानलेवा हमला कर दिया। इस हमले में नेता बाल-बाल बच गए। वारदात लकड़ी नबीगंज थाना क्षेत्र के मदारपुर में करीब नौ बजे की है। मदारपुर पुल के पास नरहरपुर निवासी मनोज पटेल अपनी दुकान बंद करने के तैयारी में थे। वे दुकान में रखे गल्ले का हिसाब कर रहे थे। तभी बाइक सवार दो अपराधी आए और उनपर दनादन दो राउंड फायरिंग कर दी। फायरिंग की आवाज सुनकर मनोज पटेल दुकान में रखे फ्रिज के नीचे छिप गए। जिस वजह से गोली उनके पीछे दीवार में जा लगी। फायरिंग करते हुए बाइक सवार दोनों अपराधी उत्तर दिशा की ओर फरार हो गए। घटना की सूचना पाकर लकड़ी नबीगंज थाना प्रभारी सूरज, एएसआई गिरिषदेव सिंह अपने दल बल के साथ घटनास्थल पहुंच जांच में जुट गए। घटना से लोगों में दहशत का माहौल है। कुछ ही दिन पहले ही लखनौरा सब्जी मंडी में एक आलू व्यवसायी को अपराधियों ने गोली मारी थी। फिलहाल, स्थानीय लोगों में लगातार हो रहे अपराधिक घटनाओं से आक्रोश है।

## हादसा : धनबाद में जमीन धंसने से 25-30 लोगों के दबने की आशंका

- शुक्रवार की सुबह तेज आवाज के साथ एक सौ मीटर के दायरे में दस फीट धंसी भूमि
- भूमि के धंसने से किसी की मौत हुई है या नहीं, यह अस्पष्ट नहीं

**केटी न्यूज/धनबाद**





धनबाद के ईसीएल मुगमा एरिया के कापासारा आउटसोर्सिंग कोलियरी में शुक्रवार की सुबह करीब छह बजे तेज आवाज के साथ एक सौ मीटर के दायरे में दस फीट भू धंसान हो गई। जिससे वहां अवैध कोयला काटने वाले लोगों में अफरा तफरी मच गयी। आशंका है कि धंसान के मलबे में 25--30 लोग दब गये हैं। गनीमत थी कि घटनास्थल से मात्र एक सौ फिट की दूरी पर बसे दो तीन परिवार बाल बाल बच गये। लोगों ने कहा कि सुबह जोरदार आवाज के साथ जमीन धंस गयी। रोजाना दर्जनों लोग कोयला निकालने के लिए अवैध मुहाना में घुसते हैं। खनन में जाते हैं।? गुरूवार की रात भी लोग अवैध खनन के लिए अंदर गए थे। अब वे लोग अंदर में हैं या घटना से पहले बाहर निकल गये यह पता नहीं है। लोगों ने आरोप लगाया है कि आउटसोर्सिंग प्रबंधक एवं ईसीएल अधिकारियों की लापरवाही के कारण इस तरह की घटना घट रही है। सुरक्षा का कोई ठोस इंतजाम नहीं किया गया है।

बता दे कि पांच सौ मीटर की दूरी पर हावड़ा नई दिल्ली मुख्य रेल मार्ग है। अवैध खनन से रेल लाइन को भी खतरा हो सकता है। बताया जाता है कि एक सिंडिकेट द्वारा आउटसोर्सिंग में बाहर से पांच सौ से अधिक की संख्या में मजदूरों को बुलाकर कोयला कटवाया जाता है। अवैध खनित कोयला आसपास के भट्ठों में जमा किया जाता है। जिसे ट्रक के माध्यम से फर्जी कागजात के जरिये बिहार, यूपी, बंगाल आदि राज्यों में भेज दिया जाता है। इतनी बड़ी घटना होने के बावजूद सात घंटा बाद भी पुलिस प्रशासन मौके पर नहीं पहुंची है। जिससे स्थानीय लोगों में आक्रोश देखा जा रहा है। इधर ईसीएल की सुरक्षा टीम मौके पर पहुंच गयी है। साथ ही घटनास्थल की ओर जाने वाला कच्चा रास्ता को कटिंग कर अवरूद्ध कर दिया गया है।

## नालंदा में निमार्णाधीन पुल गिरा एक मजदूर की निकली लाश

**एजेंसी/नालंदा**

शुक्रवार शाम नालंदा के हरनौत में भागन बिगहा एनएच 20 पर फ्लाईओवर निर्माण के दौरान एक बड़ा हिस्सा गिर गया। करीब 50 मीटर से ज्यादा लंबा यह हिस्सा इस तेजी से गिरा कि कार्यरत मजदूरों को संभलने का मौका नहीं मिला। अबतक इसके मलबे में एक मजदूर की लाश निकाली गई है। खबर लिखे जाने तक मलबा हटाने का काम चल रहा था। मलबे में एक अन्य मजदूर के दबे होने की लोग जानकारी दे रहे हैं। बख्तियारपुर-बिहारशरीफ-नवादा-बरही एनएच 20 पर फोर लेन का काम चल रहा है। गावर कंपनी को सड़क और फ्लाईओवर बनाने का काम दिया गया है। शुक्रवार शाम घटना के बाद पहुंचे लोगों ने बताया कि निर्माण के क्रम में पहले भी पुल का कुछ हिस्सा गिर चुका है, क्योंकि सीमेंट और छड़ बढ़िया क्वालिटी का इस्तेमाल नहीं किया जा रहा है। लोगों ने बताया कि ढालते हुए इस पुल के हिस्से दो बार गिर चुके हैं।

## नेतृत्व में बदलाव: अब्दुल बारी सिद्दीकी बन सकते हैं राजद के नए प्रदेश अध्यक्ष

- पार्टी से दूरी बना चुके जगदानंद सिंह से छीनी जाएगी कुर्सी
- 24 नवंबर से पहले हो जाएगी नए प्रदेश अध्यक्ष के नाम की घोषणा

**एजेंसी/पटना**



आरजेडी के प्रदेश नेतृत्व में बदलाव के संकेत मिल रहे हैं। माना जा रहा है 24 से पहले पहले आरजेडी के प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह की जगह किसी और को प्रदेश अध्यक्ष बनाया जा सकता है। दरअसल, जगदाबाबू आरजेडी से लंबे समय से नाराज चल रहे हैं। इस नाराजगी की वजह से वो लगभग 45 दिनों से आरजेडी के दफ्तर नहीं आए हैं। फिलहाल उनकी कुर्सी खाली है। मगर यह माना जा रहा है कि जल्द ही इस खाली कुर्सी पर बैठने के लिए कोई न कोई जरूर आ जाएगा। पार्टी सूत्रों की मानें तो यह कुर्सी पर जल्द ही अब्दुल बारी सिद्दीकी को सौंपी जाएगी। अध्यक्ष की कुर्सी अब्दुल बारी सिद्दीकी को सौंपी जा सकती है।

### बीजेपी ने बोला हमला... मुस्लिम और यादव समीकरण से बाहर आने वाली नहीं आरजेडी

बीजेपी ने अब्दुल बारी सिद्दीकी के नाम के सामने आने के बाद आरजेडी पर तीखा हमला बोला है। बीजेपी नेता विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि आरजेडी भले अपने आपको ए टू जेड की पार्टी बताने की कोशिश कर रही है। मगर वो अपने मुस्लिम और यादव समीकरण से बाहर आने वाली नहीं है। विजय सिन्हा ने कहा कि तेजस्वी यादव घूम-घूमकर पार्टी को ए टू जेड बताने की कोशिश कर रहे हैं। मगर पार्टी अपने मुस्लिम और यादव प्रेम से बाहर नहीं आने वाली है। वो इसके लिए लगातार सवर्णों की बली ले रही है।

### सत्ता के लिए लगातार सवर्णों की बली चढ़ा रहा राष्ट्रीय जनता दल : विजय सिन्हा

भाजपा के विधानसभा में विपक्ष के नेता विजय सिन्हा ने कहा कि आरजेडी सत्ता के लिए लगातार सवर्णों की बली चढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इससे पहले आरजेडी ने सुधाकर सिंह की बली ली, इसके बाद जगदानंद सिंह को अब बाहर का रास्ता दिखाया जा रहा है। उन्होंने कहा, जगदानंद सिंह स्वाभिमानी व्यक्ति हैं। इसलिए अपने स्वाभिमान की रक्षा के लिए आरजेडी दफ्तर नहीं आ रहे हैं। विजय सिन्हा ने कहा कि रघुवंश बाबू के साथ भी आरजेडी यही किया। कहा कि सत्ता के लिए ये लोग सवर्णों की बलि लेने वाले लोग हैं।

केशव टाइम्स

शाहाबाद, 19 नवम्बर 2022

शाहाबाद

website : keshavtimes.com

e-mail : keshavtimes1@gmail.com




## एक नजर

### जिलाधिकारी के जनता दरबार में 105 परिवाद का किया निराकरण



**जहानाबाद।** जिलाधिकारी रिची पांडेय द्वारा अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में जनता दरबार का आयोजन कर जिले के आमजनों के परिवादों को सुना गया। जिसमें संबंधित पदाधिकारियों को उक्त परिवादों के निष्पादन हेतु आवश्यक निदेश दिया गया। जिलाधिकारी के जनता दरबार में लगभग 105 परिवाद प्राप्त हुए जिनमें सुखाड़ राशि भुगतान, राशन कार्ड, भूमि विवाद, नल जल योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, पुलिस विभाग, विद्युत विभाग, आपदा प्रबंधन शाखा, आईसीडीएस सहित अन्य कार्यालयों से संबंधित थे। जिलाधिकारी द्वारा परिवादियों की समस्याओं को सुना गया एवं सभी संबंधित पदाधिकारियों को जनता दरबार में आए सभी मामलों को विशेष रुप से ध्यान देते हुए ससमय निष्पादन करने का निर्देश सम्बंधित पदाधिकारियों को दिया गया। जनता दरबार में प्राप्त परिवाद संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित किया गया। कुछ मामलों में संबंधित पदाधिकारियों को दूरभाष पर सूचित करते हुए आवश्यक कार्रवाई हेतु निर्देशित किया गया। वैसे मामले जो लोक शिकायत निवारण अधिनियम के अंतर्गत आते हैं, उन्हें सुनवाई हेतु पंजीकृत किया गया। ऐसे मामले जो इसके अंतर्गत नहीं है उन पर कार्रवाई करते हुए, संबंधित पदाधिकारियों को त्वरित निष्पादन करने एवं प्रतिवेदन भेजने के लिए निर्देशित किया गया।

### चेक बाउंस मामले में 28 लाख का जुमार्ना, एक साल की कैद भी



सासाराम। जिला व्यवहार न्यायालय स्थित एसीजेएम उमेश राय के न्यायालय ने शुक्रवार को चेक बाउंस से जुड़े एक मामले में सुनवाई करते हुए आरोपी अभियुक्त परमात्मा तिवारी निवासी उर्दा, चेनारी को 28 लाख रुपए अर्थदंड सहित एक साल कैद की सजा सुनाई है। उक्त मामला परिवाद संख्या 1123/2014 से जुड़ा था। इसमें परिवादी सुनील कुमार साह, निवासी चेनारी ने अभियुक्त को साल 2014 में अपने ईंट भट्ठे से कुल चार लाख ईंट दिए थे, जिसके मूल्य के रूप में अभियुक्त परमात्मा तिवारी को कुल इक्कीस लाख रुपए देना था। अभियुक्त द्वारा परिवादी को एक लाख रुपए नगद एवं बीस लाख रुपए का पंजाब नेशनल बैंक का चेक दिया था। परिवादी ने जब उक्त चेक को अपने खाता में जमा किया, तो चेक बाउंस हो गया था। परिवादी ने जब अभियुक्त को से चेक बाउंस होने की बात कही तो अभियुक्त भड़क गया था और परिवादी का बकाया पैसा लौटाने से इंकार कर दिया था। इसके बाद पीड़ित ने कोर्ट में गुहार लगाई थी। मामले में 8 साल बाद फैसला आया है। जिसमें पीड़ित को 20 लाख बाउंस के मामले में 28 लाख देने का आदेश कोर्ट ने दिया है।

### मनाई गई दिवंगत कॉमरेड बलिराम यादव की पहली पुण्यतिथि

**जहानाबाद।** भाकपा माले के दिवंगत नेता कॉमरेड बलिराम यादव की पहली स्मृति दिवस पर उनके पैतृक गांव ठीकरौर में स्मृति सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत पार्टी झंडोतोलन के साथ किया गया। इस दौरान दो मिनट का मौन और स्मृति चिह्न पर माल्यार्पण किया गया। झंडोतोलन बरिष्ट कॉमरेड शिवरतन सिंह ने किया। सभा को संबोधित करते हुए पूर्व नगर पार्षद और इंकलाबी नौजवान सभा के राज्य सह सचिव वेंकटेश शर्मा ने कहा कि दिवंगत साथी अपना पूरा जीवन किसान, मजदूर, दबे कुचले लोगों के हित की लड़ाई लड़ते हुए एक ईमानदार और न्याय पसंद जन नेता के रूप में अपनी पहचान बनाई थी। बलिराम यादव के अरमानों को मंजिल तक पहुंचाना ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि होगी। स्मृति सभा में भाकपा माले के प्रखंड सचिव सतेंद्र रविदास, सोन्फी देवी, पूर्व मुखिया, दयानंद प्रसाद, राजद नेता महेश वर्मा, गुप्ता जी, गिरजानंदन पंडित, रंजित कुमार आजाद, प्रशांत शर्मा, दिनेश दास सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

### हाई-वे लूटेरा गिरोह का किया पदार्फाश, तीन नाबालिग समेत चार गिरफ्तार

**सासाराम।** जिले में नवंबर 2022 के प्रथम सप्ताह में जिले के दो थाना क्षेत्रों में दिनारा और कोचस मेंतीन सड़क लूट घटना को अंजाम दिगया गया था। पुलिस ने मामले का शुक्रवार को खलासा कर दिया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए एसपी आशीष भारती ने बताया कि गिरोह में 7 लोग शामिल थे, जिनमें तीन नाबालिग थे। चार को गिरफ्तार कर लिया गया है जबकि तीनों नाबालिगों को निरूद्ध किया गया है। बताया कि लगातार हो रही घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए बिक्रमगंज एसडीपीओ के नेतृत्व में एसआईटी का गठन किया गया था। एसआईटी द्वारा लगतार छापेमारी की जा रही थी। छापेमारी में शिवसागर के पताढ़ी गांव से गोल्डेन पटेल, कोचस के महुआरी गांव से डिसु पटेल, भानस के पीठवैया गांव से रिषीकांत कुमार एवं दिनारा थाना के सोरठी गांव से शुभम पटेल को गिरफ्तार किया गया है। साथ ही, तीन नाबालिगों को भी विधि निरूद्ध किया गया है। बताया कि इनके पास से लूटी गई चार मोबाइल, एक देसी कट्टा, सात मोबाइल, एक बाइक जब्त किया गया है। एसनी ने बताया कि उक्त सभी ने लूट की घटनाओं में अपनी संनिप्तता स्वीकारी है। इनकी निशानदेही पर वारदात में शामिल अन्य के गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

# हाथीपांव के मरीज सर्जरी कराने से बचें, हो सकते हैं गंभीर परिणाम

- सर्वजन दवा सेवन के माध्यम से किया जा रहा फाइलेरिया से बचाव
- झोलाछाप डॉक्टरों के बहकावे न आएं, सरकारी अस्पतालों में उपलब्ध है नि:शुल्क इलाज



**केटी न्यूज/सासाराम**

फाइलेरिया यानी हाथी पांव एक लाइलाज बीमारी है। यदि यह बीमारी किसी को हो जाए तो उसे ठीक नहीं किया जा सकता है, परंतु इस बीमारी को रोकने के लिए प्रयास किया जा सकता है। इसके लिए सरकार फाइलेरिया को जड़ से मिटाने के लिए लगातार अभियान चला रही है। साथ ही फाइलेरिया से पीड़ित हो चुके लोगों को बेहतर रखरखाव और स्वच्छता बरतने की सलाह दी जा रही है। वहीं, फाइलेरिया यानी हाथीपांव को लेकर लोगों में अलग धारणा भी देखी जा रही है। लोग इस बीमारी को ठीक कराने के लिए झोलाछाप डॉक्टरों एवं अपने आसपास के रहने वाले लोगों के संपर्क में आकर हाथीपांव की सर्जरी करने के लिए भी भटक रहे हैं। इस झांसे में आकर लोग हांथी पांव की सर्जरी भी करवा रहे और इसका खामियाजा भी भुगत रहे हैं।

**कुछ लोगों के कहने पर करवाई सर्जरी :** सासाराम के बस्ती मोड़ के रहने वाले 59 वर्षीय अरविंद कुमार हाथी पांव से पीड़ित ।लोगों के कहने पर उन्होंने अपने हाथी पांव की सर्जरी करवाई। बावजूद इसके हाथीपांव ठीक नहीं हो पाया, बल्कि इसके कई उल्टे परिणाम भी देखने को मिले। अरविंद कुमार ने बताया कि 40 वर्ष पूर्व उन्हें फाइलेरिया हुआ था और इसके इलाज पर लाखों रुपये भी खर्च कर डाले किंतु हाथी पांव ठीक नहीं हो पाया। उन्होंने बताया कि सासाराम, रांची, कलकत्ता, वाराणसी में इलाज करवया फिर भी कोई फायदा नहीं हुआ। अरविंद कुमार ने कहा कि कोलकाता स्थित निजी अस्पताल में दिखाने के दौरान सर्जरी कराने की सलाह दी गयी और मैंने वाराणसी के एक निजी अस्पताल में वर्ष 2000 में सर्जरी करवायी। उसके बावजूद भी मेरा पैर ठीक नहीं हुआ बल्कि मेरी तकलीफ और बढ़ गयी।

**लोगों से सावधानी बरतने की कर रहे हैं अपील :** हाथीपांव से पीड़ित अरविंद कुमार फाइलेरिया को लेकर लोगों से सावधानी बरतने के लिए अपील भी कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा जो भी दवा खिलाने का कार्य किया जाता है, उसमें वह अपने साथ अपने पूरे परिवार के सदस्यों को दवा खिलाते हैं। साथ ही उन्होंने लोगों से भी अपील की है कि फाइलेरिया से बचाव के लिए जो भी सरकार द्वारा कार्य किए जा रहे हैं इसमें सरकार का सहयोग करें। ताकि जो दर्द और परेशानी मुझे हो रही है वह औरों को नहीं हो।

**सर्जरी करवाने से बचें मरीज :** वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी जय प्रकाश गौतम ने बताया कि हाथी पाँव को लेकर अभी किसी प्रकार की सर्जरी मौजूद नहीं है। यदि कोई सर्जरी की सलाह देता है तो इसकी पुष्टि के लिए सदर अस्पताल के फाइलेरिया विभाग से संपर्क कर लें। डॉ. गौतम ने कहा कि एक बार हाथी पांव हो जाने पर वो ठीक नहीं हो सकता। बल्कि एमडीए अभियान के माध्यम से दवा खिलाकर एवं हल्का व्यायाम एवं स्वच्छता का पालन कर फाइलेरिया को बढ़ने से रोका जा सकता है। उन्होंने बताया कि यदि पांच साल तक लगातार दवा खायी जाए तो फाइलेरिया होने का खतरा लगभग समाप्त हो जाता है। इसलिए सलाह दी जाती है कि सर्वजन दवा सेवन अभियान के तहत अपने पूरे परिवार के सदस्यों को फाइलेरिया से बचाव के लिए लगातार पांच साल तक दवा खिलाएं।

## शादी समारोह से लौट रहे पिता-पुत्र को अज्ञात वाहन ने रौंद डाला

# भोजपुर में सड़क हादसे में बाइक सवार प्लंबर मिस्त्री की मौत, पिता जख्मी

- इलाज के दौरान आरा सदर अस्पताल में तोड़ा दम, पिता पटना रेफर
- फोन कर परिजनों को दी हादसे की सूचना, बाद में तोड़ दिया दम

**केटी न्यूज/आरा**

जिले के उदवंतनगर थाना क्षेत्र के आरा-अरवल रोड पर खरौनी गांव के समीप शुक्रवार की सुबह सड़क हादसे में प्लंबर मिस्त्री की मौत हो गई। हादसे में उसके पिता भी गंभीर रूप से जख्मी हो गए। बाइक सवार पिता-पुत्र को किसी अज्ञात वाहन द्वारा रौंदा दिया गया। मृतक थाना क्षेत्र के चौराई गांव निवासी मो. जसीमुद्दीन का 25 वर्षीय पुत्र मो. जाहिद हुसैन था। उसके पिता जसीमुद्दीन की स्थिति भी गंभीर बनी है। आरा सदर अस्पताल में इलाज के बाद उन्हें पटना रेफर कर दिया गया है। प्लंबर मिस्त्री के चचेरे भाई मो. इरफान ने बताया कि जाहिद गुरुवार को अपने पिता मो. जसीमुद्दीन के साथ शादी समारोह में शामिल होने अपने ननिहाल पवना थाना क्षेत्र के धोबड़ी गांव गया था। शुक्रवार की सुबह दोनों एक ही बाइक से अपने गांव लौट रहे था। उसी दौरान खरौनी गांव के समीप अज्ञात वाहन ने बाइक में जोरदार ठोकर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों गिर पड़े और गंभीर रूप से जख्मी हो गए। उसके बाद जख्मी हालत में ही जाहिद हुसैन ने जख्मी हालत में फोन कर परिजनों को सूचना दी। इसके बाद ग्रामीणों की मदद से दोनों को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। इलाज के दौरान ही जाहिद हुसैन ने सदर इमरजेंसी वार्ड में दम तोड़ दिया।





### नौ भाई-बहन में तीसरे स्थान पर था जाहिद, घर में मचा कोहराम

सड़क हादसे में जाहिद की मौत और उसके पिता की स्थिति गंभीर होने के बाद घर में कोहराम मचा है। परिवार के सदस्यों का बुरा हाल था। बताया जाता है कि जाहिद अपने चार भाई और पांच बहनों में तीसरे स्थान पर था। उसके परिवार में मां आसमां खातून, भाई सद्दाम, आबिद, शाहबाज, बहन चंदतारा, सितारा, साजदा, नूर और सफीना है। घटना के बाद मृतक के घर में कोहराम मच गया है। मां आसमां खातून सहित परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### बिहिया में दो बाइक की टक्कर में सरपंच के भतीजे की मौत, दूसरा जख्मी

**केटी न्यूज/आरा**



बिहिया थाना क्षेत्र के कटेया गांव स्थित बीडी कॉलेज के पास शुक्रवार की शाम दो बाइक के बीच सीधी भिड़ंत हो गई। इसमें स्नातक के एक छात्र की मौत हो गयी, जबकि दूसरी बाइक पर सवार युवक भी गंभीर रूप से जख्मी हो गया। उसकी हालत भी नाजुक बनी है। आरा सदर अस्पताल में इलाज के बाद उसे पटना रेफर कर दिया गया है। मृत छात्र बिहिया थाना क्षेत्र के कुंवरदह गांव निवासी कामेश्वर सिंह का 20 वर्षीय पुत्र अंकित कुमार था। उसके चाचा रामेश्वर सिंह कटेया पंचायत के सरपंच बताये जा रहे है। वह कटेया गांव में ही रहते हैं। जख्मी युवक जगदीशपुर थाना क्षेत्र के हरदिया गांव निवासी रामाकांत सिंह का 35 वर्षीय पुत्र कृष्णा सिंह है। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि अंकित कुमार शुक्रवार को अपने चाचा के घर कटेया गया था। शाम में वह बाइक से अपने गांव लौट रहा था। उसी बीच कटेया स्थित बीडी कॉलेज के पास सामने से आ रही बाइक से टक्कर हो गयी। उससे दोनों गंभीर रूप से जख्मी हो गए। उसके बाद दोनों को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। वहां डाक्टरों द्वारा अंकित कुमार को मृत घोषित कर दिया गया। जबकि कृष्णा सिंह का प्राथमिक उपचार करने के बाद पटना रेफर कर दिया गया।

**बड़े भाई की ट्रेन की चपेट में आने से हो गयी थी मौत :** सड़क हादसे में अंकित की मौत से कामेश्वर सिंह के घर का चिराग बुझ गया। उनके घर में कोहराम मचा है। बताया जा रहा है कि अंकित कुमार अपने दो भाइयों में छोटा था। उसके बड़े भाई की 2016 में ट्रेन दुर्घटना में मौत हो गयी थी। इससे वह अपने माता-पिता का इकलौत पुत्र रह गया था।

### दहेज हत्या के आरोपित दोषी करार

**जहानाबाद।** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वितीय जावेद अहमद खान के न्यायालय द्वारा दहेज हत्या के आरोपी ग्राम कोचाहासा थाना किंजर निवासी मृतिका के पति अरुण विश्वकर्मा, सास कांति देवी एवं ससुर रामजी विश्वकर्मा को आईपीसी की धारा 304 (बी) में दोषी पाया है। अपर लोक अभियोजक विनोद सिंह ने बताया कि इस केस के सूचक कमलेश विश्वकर्मा ग्राम निशंनपूरा निवासी किंजर थाना कांड संख्या 54/21 दर्ज कराया था। जिसमें आरोप लगाया था कि मैं अपनी बेटी किरण कुमारी की शादी कोचाहासा निवासी अरुण विश्वकर्मा के साथ किया था। उसके ससुराल के लोग हमेशा मेरी पुत्री के साथ मारपीट किया करते थे एवं दहेज की मांग करते थे। दहेज नहीं देने के कारण जुलाई 2020 को सभी अभियुक्तगण सूचक के पुत्री किरण कुमारी की हत्या कर दी, और साक्ष्य छुपाने हेतु लाश को जला दिया। सूचक को फोन से सूचना मिली कि मेरी बच्ची की हत्या कर दी गई है और साक्ष्य छुपाने हेतु उसके शव को जला दिया गया। तब सूचक ग्राम कोचाहासा आया तो मृतिका के पुत्र ने बताया कि मम्मी को पापा, दादा एवं दादी ने मार-पीट किया है। जिसके बाद मम्मी बोल नहीं रही थी। न्यायालय द्वारा साक्षियों के साक्ष्य के आलोक में तीनों अभियुक्तों को दोषी करार दिया है और सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए 21 नवंबर सोमवार की तिथि मुकर्रर की है।

## कोर्ट के आदेश पर आकाश व स्वर्ण कारोबारी हत्याकांड में दो आरोपितों के घर कुर्की

**केटी न्यूज/आरा**



शहर के चर्चित आकाश पटेल व आभूषण कारोबारी हरिजी गुप्ता हत्याकांड में फरार दो आरोपितों के घरों पर कानून का हथौड़ा चला। मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में शुक्रवार को दोनों आरोपितों के घर कुर्की की कार्रवाई की गयी। नगर थाना क्षेत्र के डा. लक्ष्मी चरण की गली निवासी विशाल कमकर और रौजा मोहल्ला निवासी अमर कुमार के घर कुर्की की गयी। इनमें विशाल शीतल टोला निवासी जदयू नेता भीम पटेल के भतीजे आकाश पटेल की हत्या में वांटेड है। वहीं अमर कुमार महाजन टोली नंबर एक निवासी आभूषण कारोबारी सह अधिवक्ता हरिजी गुप्ता की हत्या का मुख्य आरोपित है। बुधवार को कोर्ट की ओर से जारी आदेश पर शुक्रवार को पुलिस दोनों आरोपितों के घर पहुंची व कुर्की की गयी। इस दौरान पुलिस दोनों घरों से पलंग, सोफा, बिछावन, गैस चूल्हे और बर्तन सहित सारा सामान जब्त कर ले गयी। खिड़की दरवाजे तक भी उखाड़ दिया गया। इस अवसर पर प्रभारी थानाध्यक्ष अविनाश कुमार और दारोगा विजय कुमार सहित अन्य अफसरों के साथ काफी संख्या में जवान तैनात थे। इससे पूरे दिन गहमागहमी बनी रही। आकाश पटेल हत्याकांड में गुरुवार को भी तीन वांछित के घर कुर्की की कार्रवाई की गयी थी। बता दें कि आभूषण कारोबारी हत्याकांड में पांच आरोपितों के खिलाफ केस किया गया है। उसमें रितेश कुमार और रंजन यादव को गिरफ्तार कर लिया गया है। हालांकि मुख्य आरोपित अमर कुमार सहित तीन अभी फरार चल रहे हैं। आकाश पटेल हत्याकांड में छह नामजद और अन्य अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। उसमें अबतक एक भी आरोपित पकड़ में नहीं आ सका है। ऐसे में पुलिस के अनुरोध पर कोर्ट की ओर से आकाश पटेल हत्याकांड में सभी छह जबकि आभूषण कारोबारी हरिजी गुप्ता मर्डर केस में तीन आरोपितों के खिलाफ कुर्की का आदेश जारी किया गया है।

### पीड़ित प्रतिकर योजना के तहत पीड़िता को दिया गया एक लाख रुपया

**जहानाबाद।** कलेर थाना अंतर्गत तीन साल पूर्व मामले में पॉस्को कोर्ट जहानाबाद द्वारा दिनांक 28 अप्रैल 2022 को आदेश पारित किया गया था। जिसमें जहीर खान उर्फ आफताब आलम को आईपीसी, आईटी एक्ट, पॉस्को समेत विभिन्न धाराओं में सजा एवं आर्थिक दंड दिया गया था। उक्त आदेश में पॉस्को कोर्ट द्वारा विधिक सेवा प्राधिकार जहानाबाद से पीड़िता को ?100000 पीड़ित प्रतिकर योजना के तहत भुगतान करने का आदेश दिया गया था। उक्त आदेश के आलोक में विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव सह अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश अजय कुमार सिंह ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पीड़िता को सूचित किया। जिसके बाद पिता ने सात सितम्बर 2022 को सभी कागजात जिला विधिक सेवा प्राधिकार में जमा किया। जिसे आयोग द्वारा पटना भेजा गया।

## जहानाबाद में पत्नी ने पैर दबाने से किया इंकार तो पति ने उतार दिया मौत के घाट

- ग्रामीणों ने दी मृतका के परिजनों को सूचना
- पुलिस ने पति को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**केटी न्यूज/जहानाबाद**

जिले के मखदुमपुर में एक अजीबोगरीब मामला सामने आया है। जिसमें एक पति ने अपने ही पत्नी को महज इसलिए मौत के घाट उतार दिया कि उसने पति के पैर दबाने से मना कर दिया था। सनसनीखेज वारदात मखदुमपुर थाना क्षेत्र के छकोरी बिगहा गांव की है।पुलिस ने सनकी पति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि मखदुमपुर थाना के छकोरी बिगहा गांव निवासी मुन्ना शर्मा ने अपनी पत्नी रिंकी कुमारी से गुरुवार की रात पैर दबाने की बात कही। लेकिन, जब पत्नी ने तबियत खराब होने के कारण पैर दबाने में असमर्थता जताई तो पति आग बबूला हो उठा। उसका गुस्सा इतना बढ़ गया कि अपना आपा खोते हुए उसने लकड़ी के बने पीढ़ा से सिर पर प्रहार कर दिया। जिससे उसकी दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना ग्रामीणों ने इसकी जानकारी मृतिका रिंकी कुमारी के मायके वाले को दी। जिसके बाद रिंकी कुमारी के पिता सुरेश सिंह ने मखदुमपुर थाने को अपनी पुत्री की हत्या की सूचना दी। सूचना मिलने के बाद त्वरित कार्रवाई करते हुए मखदुमपुर थाने की पुलिस दलबल के साथ छकोरी बीघा पहुंची। जहां मृतिका रिंकी कुमारी के शव को कब्जे में लेते हुए आरोपी पति मुन्ना शर्मा को गिरफ्तार कर लिया।

# बिहार की जनता को दिग्भ्रमित कर रहे हैं सूबे के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार: विजय सिन्हा



**केटी न्यूज/अरवल**

विधानसभा के पूर्व स्पीकर सह नेता प्रतिपक्ष विजय कुमार सिन्हा का शुक्रवार को जिले के कार्यकताओं ने भव्य स्वागत किया। नेता प्रतिपक्ष विजय कुमार सिन्हा भोजपुर जा रहे थे। जहां सूचना मिलने पर भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष दीपक शर्मा के नेतृत्व में कार्यकताओं ने फूल-मालाओं एवं अंग वस्त्र से अभिनंदन स्वागत किया। इस मौके पर मिडिया से मुखातिब होते हुए उन्होंने कहा की नीतीश कुमार राजद के साथ गठबंधन की सरकार में बहरूपया बने हुए है। हाल के दिनों में सबसे बड़ी और हास्यपद बात यह रही कि पटना गांधी मैदान में भव्य कैंप लगाकर नीतीश कुमार ने सूबे में प्रतिनियुक्त उप निरीक्षक को जोवनिंग व ट्रेनिंग के बाद भी उनको नियुक्ति नियुक्ति बांटी जा रही है। जो सूबे की भोलीभाली को दिग्भ्रमित करने के लिए सुनियोजित की गई। प्रतिभागीयों को दो दो बार नियुक्तियों का प्रमाण पत्र मिल रहा है। आज जितनी भी नियुक्ति पत्र बांटकर राजद-जदयू इसकी उपलब्धि ले रहे है, दरअसल में यह सारी वेकेंसी भाजपा-जदयू गठबंधन सरकार के पूर्व में ही उद्घोषित हुए हैं। हमारे शासनकाल में अब तक सातवें चरण की शिक्षक बहाली नियुक्ति का सभी प्रकिया अब तक पूरी भी हो जाती है।

जबकि इस नियोजन में भाग लेने वाले नियोजित शिक्षक पूर्व से ही इसकी मांग आंदोलन के जरिये कर रहे हैं। लेकिन, उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव इन आंदोलनकारियों के साथ कदम से कदम मिलाकर साथ रहने की करते हैं। जबकि एनडीए शासनकल में यह बहाली की प्रकिया को सितंबर माह में ही पूरा करने का आश्वासन था। कई दिन से आंदोलन चल रहा, मगर इसकी सुनवाई के लिए भी सरकार आश्वासन भी नहीं दे पा रही है। जिसके कारण जनता को अब यह भरोसा हो गया है कि सबका साथ सबका विकास को लेकर चलने वाली पार्टी कितना काम की है। यह सब जनता देख रही है। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बिहार की सभी सड़कों का एसएच से एनएच रोड में तब्लिब्द किया जा रहा है। भारत माला प्रोजेक्ट रोड कों कई शहर से जोड़ने का कार्य बिहार में हुआ है। मौके पर उनके अभिनंदन करने वालों में पूर्व नगर अध्यक्ष शंकर साहनी, भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा के युवा नेता अमृत राज उपाध्याय, भरत यादव, करन कुमार, वार्ड सदस्य मृत्युंजय कुमार, मनीष, प्रवीण, पंकज, जय रंजन, विकास, अमरजीत इत्यादि लोग उपस्थिति थे।



महात्मा गाँधी

मेरा धर्म सत्य और अहिंसा पर आधारित है, सत्य मेरा भगवान है और अहिंसा उसे पाने का साधन।

## फटाफट खबरें

### नियोजन मेला में 97 युवाओं को मिला रोजगार

**बक्सर।** बेरोजगार युवाओं को रोजगार का अवसर प्रदान करने के लिए एक दिवसीय नियोजन मेला का आयोजन किया गया। नियोजन मेला में सभी प्रखंडों से काफी संख्या में बेरोजगार युवा शामिल हुए। रोजगार मेला में 184 आवेदक शामिल हुए। नियोक्ता संस्थान द्वारा कुल 97 आवेदकों को चयन किया है। नियोजनालय रोजगार पाने को लेकर बेरोजगार युवाओं में उत्साह का माहौल कायम रहा।नियोजन शिविर श्रम संसाधन विभाग जिला नियोजनालय बक्सर के तत्वावधान में शुक्रवार को संयुक्त श्रम भवन में आयोजित किया गया। रोजगार शिविर में स्किल डेस्क प्राइवेट लिमिटेड के द्वारा भाग लिया गया। जिसमें कुल 184 आवेदक उपस्थित हुए। रोजगार शिविर में स्किल डेस्क प्राइवेट लिमिटेड द्वारा कुल 97 आवेदकों का चयन किया गया. इस अवसर पर कंपनी के प्रतिनिधि के अलावा जिला नियोजन पदाधिकारी अनीश तिवारी, वाइपी रोहित भारती, उच्च वर्गीय लिपिक सरोज कुमार, डाटा एंट्री ऑपरेटर तिरुपति नाथ शर्मा, महात्मा गांधी नेशनल फेलो मोहम्मद इमरान हसीब, डीएसई रवि कुमार, कुंदन कुमार तथा उत्पल कुमार समेत अन्य कर्मी उपस्थित रहे।

### दहेज नहीं मिलने पर विवाहिता को घर से निकाला

**बक्सर।** जिले के इटाढ़ी थाना क्षेत्र के रायपुर गांव से एक विवाहिता को उसके ससुराल वालों ने दहेज के लिए प्रताड़ित कर घर से निकाल दिया है। विवाहिता ने अपने मायके वालों के मदद से महिला थाने में इसकी लिखित शिकायत दर्ज कराई है। मिली जानकारी के अनुसार पीड़िता रोहतास जिले के कोचस थाना क्षेत्र के कंजर गांव निवासी गणेश चौहान की पुत्री सीता देवी है। जिसकी शादी इटाढ़ी थाना क्षेत्र के रायपुर गांव के कन्हैया चौहान के पुत्र गुड्डु चौहान के साथ हुई थी। महिला थाना को दिए आवेदन में पीड़िता ने बताया है कि शादी के कुछ दिनों के बाद से ही उसके ससुराल वाले दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगे थे। कई बार पंचायती भी हुआ लेकिन उनके प्रताड़ना का दौर जारी रहा। इसी बीच सात अक्टूबर को उसे मारपीट कर घर से निकाल दिया गया। जिसके बाद वह किसी तरह अपने मायके पहुंची। इस घटना के बाद वह कई दिनों तक सदमें में रही। वही अब महिला थाना में एफआईआर दर्ज कराया है। बक्सर सदर एसडीपीओ गोरख राम ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि महिला थानाध्यक्ष कंचन कुमारी को त्वरित कार्रवाई का निर्देश दिया गया है।

# भूमि विवादः जमीन में बेटियों के अधिकार कानून ने अपराधियों को दिया कमाई का हथियार

- बेटियों के ससुराल में पैसा का लालच देकर अपराधी करते हैं जमीन का सौदा

**केटी न्यूज/डुमरांव**




जमीन में बेटियों का अधिकार कानून ने अपराधी चरित्र के लोगों को कमाई का नया मौका उपलब्ध करा दिया। इस कानून का नाजायज लाभ उठाते हुए अपराधी उन बेटियों का इस्तेमाल करते हैं जिनका मैके में पूछताछ कम है। वैसी बेटियों के ससुराल पहुंच अपराधी पहले तो बहन बेटियों को उन्हीं के बाप भाई के खिलाफ भड़काते हैं। फिर पैसे की लालच देकर जमीन अपने नाम रजिस्ट्री कराते हैं। कहावत है कि बगैर व्यथा के कोई कथा नहीं सुनता है। जैसे ही अपनी ही जमीन पर उत्पन्न हुई व्यथा की जानकारी जमीन के मालिक को होती है, फिर तो वह अपराधियों का कथा सुनने को मजबूर हो जाता है। उधर अपराधी अंचल और थाना में बैठे अपने संपर्क के पदाधिकारियों से सांठगांठ कर जमीन पर धावा बोलते हैं। लाखों रुपए कट्ठा बिकने वाली जमीन को अपराधी महज कुछ रुपयों में खरीद कर जमीन में अपनी हिस्सेदारी सुनिश्चित कर लेता है।

जैसे ही विवाद की बात सामने आती है जमीन मालिक की परेशानी बढ़ जाती है। दोनों पक्ष थाना व अंचल कार्यालय का चक्कर लगाना शुरू करते हैं। अब तक जमीन की मापी और बाउंड्री की कार्रवाई शुरू होती है। पिस्टल और राइफल चमकने लगते हैं। गत दिनों हुई राहुल सिंह के मौत मामले में भी जमीन की ऐसी हिस्सेदारी की बात चर्चा में है। डुमरांव शहर में बेटियों द्वारा नए कनून का इस्तेमाल करते हुए बाप भाई की संपत्ति में हिस्सेदारी लेने तथा उसे फिर अपराधियों के हाथ बेचने के दर्जनों किस्से मौजूद है। इस चलते विवाद मारपीट और गोलीबारी की घटना भी हुई है। स्थानीय शहर में ऐसे कई गिरोह हैं जो इस नए कानून के रास्ते कमाई का अवसर तलाश कर मालामाल हो चुके हैं। ऐसे लोग बात बात पर पिस्टल लहराने तथा अपने रसूख का प्रभाव दिखाने में तरीके भी गुरेज नहीं करते है।

**भूमि विवाद की वजह बना है नया कानून :** संपत्ति में बेटी का अधिकार कानून भूमि विवाद का वजह बन गया है। अकेले डुमरांव थाना में 2 दर्जन से अधिक मामले इस नए कानून के तहत जमीन के दखल कब्जा तथा मारपीट को लेकर दर्ज हैं। इसमें अपराधी चरित्र के लोग कहीं पर्दे पर तो कई जगह स्वयं को पर्दे से पीछे रखे हैं। यह लोग मारपीट हिंसा और गोलीबारी का सहारा लेकर जमीन पर कब्जा जमाते हैं तथा फिर उसे तथा फिर उसे सही कीमत पर बेच देते हैं। संपत्ति में बेटी का अधिकार कानून के आगे प्रशासन स्वयं को लाचार मजबूर बता शिकायत पर कार्रवाई करने के बजाय अपना पैर पीछे खींच लेता है।

## जांच के साथ ही कोरानसराय थानाध्यक्ष की मनमानी का खुल रहा चिट्ठा

# नौ नवंबर के बाद से ऑनलाइन अपडेट नहीं हुए हैं कोरानसराय थानें में दर्ज केस

- दूसरे दिन भी परिजनों ने नहीं दर्ज कराया एफआईआर

**केटी न्यूज/ डुमरांव**

बुधवार की रात कोरानसराय थाने में गिरफ्तार आरोपी यमुना सिंह के पुलिस प्रताड़ना से परेशान हो फांसी लगाने तथा उसके बाद परिजनों व कोपवां के ग्रामीणों द्वारा थानाध्यक्ष जुनैद आलम के कार्यशैली के खिलाफ मोर्चा खोले जाने से निवर्तमान थानाध्यक्ष की मुश्किलें बढ़ने लगी है। पहले ही आरोपी के फांसी लगाने की लीपापोती के मामले में उन्होंने एसपी तक से झूठ बोला था। अब उनकी कार्यशैली की पोल थाना के रिकार्ड भी खोलने लगे है। कहा जा रहा है कि वे लंबे समय तक इस थाना का संचालन पुलिस मैनुअल से अधिक अपनी मर्जी से करते आ रहे थे। इस दौरान अपराधियों, तस्करों तथा माफियाओं से सांटगाठ के अलावे उनपर कई संगीन आरोप भी लगे है। जबकि अब वरीय पदाधिकारियों द्वारा उनका रिकार्ड भी खंगाला जा रहा है। सूत्रों का कहना है कि थानें में दर्ज एफआईआर हर दिन आनलाइन अपडेट किया जाता है। लेकिन कोरानसराय थाने के एफआईआर का आनलाइन रिकार्ड 9 नवंबर 2022 के बाद से नहीं हुआ है। जो उनके कार्यशैली का पुख्ता प्रमाण है।




### दूसरे दिन भी दर्ज नहीं हुआ एफआईआर

इधर इस घटना के बाद मृतक के परिजनों द्वारा दूसरे दिन भी एफआईआर दर्ज नहीं कराया गया है। वही कोरानसराय थाना में नए थानेदार की तैनाती भी नहीं की गई है। बता दें कि गुरूवार को सड़क जाम के दौरान परिजनों ने थानाध्यक्ष, डीएसपी व चौकीदार पर पिट-पिटकर उनकी हत्या किए जाने का आरोप लगाया था। एसपी ने भी उन्हें लिखित शिकायत दर्ज कराने को कहा था। लेकिन शुक्रवार को पूरे दिन परिजनों द्वारा एफआईआर दर्जन नहीं कराया गया।

### विरोधी पक्ष और गांव के सामने ही थानाध्यक्ष ने की थी बुजुर्ग की पिटाई, आहत हो लगाई फांसी

यमुना सिंह को गिरफ्तार करने के दौरान थानाध्यक्ष जुनैद आलम ने विरोधी पक्ष के लोगों के सामने ही उन्हें कई थप्पड़ मारे थे। उनके पोते सन्नी ने एसपी को जो वीडियो दिया है उसमें यह साफ दिख रहा है कि जिस वक्त वे उन्हें गिरफ्तार करने गए थे उस समय पासवान टोली के कई लोग भी वहा खड़े हो तमाशबीन बने हुए थे। इस दौरान थानाध्यक्ष को उनकी उम्र का ख्याल भी नहीं आया कि यमुना सिंह जीवन के 70 वसंत पार कर चुके थे तथा उनके चरित्र पर बदनामी का धब्बा तक नहीं लगा था। बल्कि गांव के प्रतिष्ठित लोगों में वे अगली पंक्ति में शुमार होते है। जानकार बताते है कि विरोधियों तथा ग्रामीणों के सामने उन्हें थानाध्यक्ष द्वारा थप्पड़ मारे जाने से ही उनके स्वाभिमान को ठेस पहुंचा था तथा वे इस अपमान को बर्दाश्त नहीं कर सके। थाना में मौका मिलते ही वे आत्म सम्मान में फंदे पर झूल गए।

### फरार हुए कोरानसराय थानेदार जुनैद आलम, खोज रही है उन्हीं के थाने की पुलिस

घटना के बाद से कोरानसराय के निवर्तमान थानेदार जुनैद आलम फरार है। मृतक यमुना सिंह को लेकर बक्सर जाने के बाद से लापता है। अब उन्हें खुद कोरान सराय पुलिस खोज रही है। घटना के बाद उन्हें इस बात का डर था कि कही भीड़ अपना न्याय न कर दे। सूत्रों की मानें तो वे फरार होने के दौरान कोरानसराय थाना का स्टेशन डायरी भी लेकर भागे है। जिससे कि उसे मनमाफिक रूप से लिख सके। सूत्रों की मानें तो वे इस घटना के बाद स्टेशन डायरी को मेन्टेंन भी कर चुके है। जिसमें यमुना सिंह को गिरफ्तार कर थाना लाने के बाद खुद को छापेमारी में जबकि प्रभारी डीएसपी को थाना में आने की बात लिखे है। जानकार बताते है कि अपनी गलती को डीएसपी के सर थोपने के लिए ही वे थाना की स्टेशन डायरी ले गए है। वैसे सूत्रों की मानें तो वे इस घटना के बाद अपने राजनीतिक आका से मदद की गुहार लगाने राजधानी की दौड़ लगा दिए है।

### पुलिस के लिए चुनौती बना एससी-एसटी उत्पीड़न मामलों का अनुसंधान

इस घटना के बाद पुलिस के लिए एससी/एसटी उत्पीड़न मामलों का अनुसंधान चुनौती बन गया है। बता दें कि जिले के विभिन्न थानों में एससी/एसटी ऐक्ट के तहत कई मामले दर्ज है। हर दिन इन मामलों की संख्या भी बढ़ रही है। लेकिन कोरान सराय की घटना के बाद अब ऐसे मामलों के अनुसंधान करने वाले पुलिस पदाधिकारियों को मुश्किलें बढ़ जाएगी। यह जिले का पहला ऐसा मामला है जिसमें किसी अभियुक्त ने थाना परिसर में आत्महत्या की है। सूत्रों की मानें तो इस घटना के बाद ऐसे मामलों की जांच में पुलिस पदाधिकारी खुद दहशत में है।

### भाजपा नेता सर्वजीत पांडेय की मांग: एसपी अपने स्तर से करें एससी-एसटी मामलों की जांच

भाजपा नेता सर्वजीत पांडेय ने जिले के विभिन्न थानों में दर्ज एससी/एसटी ऐक्ट के मामलों की जांच एसपी से कराने की मांग की है। उन्होंने बताया कि अधिकांश मामले आपसी विवाद के होते है। लेकिन इसे दलित उत्पीड़न ऐक्ट से जोड़ दिया जाता है। कई मामलों में तो विवाद भी नहीं होता है। ऐसे में खुद पुलिस कप्तान को सभी मामलों की निष्पक्ष जांच करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि निष्पक्ष जांच होने से कई चौकाने वाले मामले भी सामने आएंगे।

## अंचल पदाधिकारी ने की शहर के आंगनबाड़ी केंद्रों की जांच

**केटी न्यूज/डुमरांव**

शुक्रवार को जिला प्रशासन के निर्देश पर अंचल पदाधिकारी अंकिता सिंह ने नगर में संचालित विभिन्न आंगनवाड़ी केंद्रों का जांच किया। सीओ द्वारा शुरू इस जांच अभियान में काफी सख्ती बरती गई। उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्रों पर बच्चों की उपस्थिति के अलावा पोषाहार का वितरण तथा पठन-पाठन के बारे में विस्तार से जानकारी हासिल की। सख्त निर्देश दिया कि सरकार के निर्देश के विपरीत केंद्र का संचालन करने वाली सेविका तथा सहायिका पर कार्रवाई होना तय है। इसलिए जरूरी है कि सरकार के निर्देश के अनुरूप केंद्र का संचालन हो। उन्होंने कुछ केंद्र पर बच्चों की कम उपस्थिति पर नाराजगी जाहिर की। केंद्र का निर्धारित समय पर खोलना तथा बंद करना सुनिश्चित करने का निर्देश देते हुए उन्होंने कहा की पोषाहार का वितरण सही ढंग से होना जरूरी है। कुछ केंद्रों पर सहायिका का पद रिक्त होने पर शीघ्र भरने की अनुशंसा करते हुए अंचल पदाधिकारी सेविका से साफ सफाई पर विशेष जोर देने को कहा। बच्चों की सफाई के अलावा केंद्र के आसपास का माहौल साफ होना जरूरी बताया। वरना संक्रमित बीमारियों का खतरा के प्रति आगाह किया। अंचल पदाधिकारी ने कुछ केंद्रों पर बच्चों से सवाल जवाब किया। प्रश्नों का सही उत्तर देने वाले बच्चों को अंचल पदाधिकारी ने इनाम स्वरूप टॉफी का वितरण कर बच्चों का मनोबल बढ़ाया। सीओ मैडम के मधुर व्यवहार से बच्चे भी खुश नजर आए।

## अंबेडकर चौक गोलीबारी मामले में कुख्यात राजा सिंह समेत तीन पर दर्ज हुआ एफआईआर

- प्राथमिकी के बाद आरोपित को पकड़ने के लिए छापेमारी कर रही पुलिस
- एफआईआर में हुई केशव टाइम्स के खबर की पुष्टि

**केटी न्यूज/बक्सर**

बक्सर के व्यस्ततम माने जाने वाले अंबेडकर चौक पर बुधवार की शाम पंचायती के दौरान हुई गोलीबारी मामले में एफआईआर दर्ज हो गया है। पांडेयपट्टी मित्रलोक कॉलोनी के हिरामन चौबे ने नगर थाना को दिए आवेदन में बताया है कि वो मसाले का कारोबार करते हैं। जिसके लिए उन्होंने औद्योगिक थाना क्षेत्र के छोटकी कोठिया निवासी राजा सिंह से कारोबार के सिलसिले में ही 23.5 लाख रुपए बतौर कर्ज लिए थे। जिसमें से उन्होंने 16 लाख रुपए चुका दिए थे। उन्हें अभी 6.5 लाख रुपए देने थे। वो पैसों को समय समय पर उन्हें लौटा रहे थे। लेकिन राजा सिंह शेष रकम जल्द लौटाने का दबाव बनाने लगे। इसी मामले में बुधवार की शाम अंबेडकर चौक पर पंचायती होनी थी। जिसमें वो, दिनेश चौहान तथा एक अन्य परिचित के साथ वहां पहुंचे और राजा के आने का इंतजार कर रहा थे। थोड़ी देर में राजा सिंह अपाची बाइक पर बैठ कर आए उनके साथ दो अन्य लड़के भी थे। वहां पहुंचते ही राजा ने फायरिंग शुरू कर दी। हमलोग बचने का प्रयास किए। इस दौरान एक गोली दिनेश चौहान को लग गई।

**राजा तथा उसके साथियों की गिरफ्तारी में जुटी पुलिस :** एफआईआर दर्ज होने के बाद पुलिस राजा तथा उसके साथियों की गिरफ्तारी में जुट गई। बता दें कि राज इनामी अपराधी अमित सिंह का चाचा है तथा वह खुद भी कई संगीन मामलों का आरोपी रहा है। वह पूर्व में जेल भी जा चुका है। गौरतलब है कि केशव टाइम्स ने गुरूवार के अपने अंक में ही पैसे के लेन देने में कुख्यात राजा सिंह द्वारा गोली चलाने की खबर प्रकाशित की थी। जिसमें बताया गया था कि हिरामन ने कुल रुपए लिए थे। जिसको लेकर पंचायती होनी थी। हिरामन द्वारा एफआईआर दर्ज कराने के बाद केशव टाइम्स की खबर पर मुहर भी लग गई। नगर थानाध्यक्ष दिनेश कुमार मालाकार ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस फरार राजा सिंह तथा उसके साथियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

## छोटी खबरें

### स्व जगदीश प्रसाद की पुण्यतिथि पर 200 जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण



**डुमरांव।** मानवता की सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है। गरीबों के जीवन की रक्षा करना हर मानव का कर्तव्य है। सक्षम समाज थोड़ी सी भी मदद के लिए अपना कदम आगे बढ़ाये तो गरीब-असहायों के जीवन मे परिवर्तन हो सकता है। उक्त बातें पंजाब के प्रसिद्ध संत जगदीश मुनि आचार्य ने अपने संबोधन में कहीं। वे डुमरांव में जेपी मेमोरियल चौरिटेबल ट्रस्ट द्वारा आयोजित रोटरी जगदीश आई हॉस्पिटल में कंबल वितरण समारोह का। यह कंबल वितरण समारोह स्व जगदीश प्रसाद की पुण्य स्मृति में आयोजित किया गया था। इस दौरान 200 चिन्हित जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन संत जगदीश मुनि आचार्य, राज्यसभा क पूर्व सांसद अली अनवर, डुमरांव विधायक डॉ. अजीत सिंह व एडीएम विकास जायसवाल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ट्रस्ट के ट्रस्टी प्रदीप कुमार जायसवाल ने किया जबकि संचालन शत्रुघ्न प्रसाद गुप्ता ने किया। ट्रस्टी प्रदीप जायसवाल ने कहा कि कंबल वितरण के साथ-साथ गरीबों का मुफ्त में आंखों का ऑपरेशन किया जाता है। इसके पूर्व आगत अतिथियों ने स्वर्गीय जगदीश प्रसाद के तैल्य चित्र पर पुष्पांजलि किया गया। मौके पर दशरथ प्रसाद विद्यार्थी, अजीत जायसवाल, कृष्णा केशरी, अजय सिंह, पवन कुमार, प्रमोद कुमार, कमल चौरसिया सहित अन्य मौजूद थे।

### 26 नवंबर को नशामुक्ति दिवस पर निकाली जाएगी प्रभात फेरी : बीईओ



**नावानगर।** स्थानीय बीआरसी में शुक्रवार को एक बैठक आयोजित की गई। जिसमें क्षेत्र के सभी प्राथमिक एवं मिडिल स्कूल के प्रधानाध्यापकों ने हिस्सा लिया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए बीईओ बसरुद्दीन अंसारी ने आगामी 26 नवंबर को नशा मुक्ति दिवस पर प्रभात फेरी निकालने समेत अन्य विषयों पर चर्चा किया। उन्होंने प्रधानाध्यापकों से कहा कि उक्त तिथि को सभी विद्यालय के कक्षा 6 से 12 वीं तक के छात्र-छात्रा स्लोगन लिखी तख्तियां के साथ अपने पोषक क्षेत्र में प्रभात फेरी निकालेंगे। साथ ही बैठक में डीबीटी का समीक्षा करते हुए विद्यालय में बच्चों की उपस्थिति शत प्रतिशत करने के लिए शिक्षक अभिभावक की गोष्ठी करने पर बल दिया। इसके अलावा बाल सांसद एवं मीना मंच को सक्रिय करने पर भी जोर दिया गया। बैठक में केआरपी उषा कुमारी, भीम सिंह, रितेश कुमार, रवि मिश्र समेत सभी विद्यालय के प्रधानाध्यापक एवं शिक्षक मौजूद थे।

### खरवनिया गांव में भंडारा के साथ संपन्न हुआ पूजनोत्सव, हजारों ने ग्रहण किया प्रसाद

**नावानगर।** प्रखंड के खरवनिया गांव स्थित शिव मंदिर में शुक्रवार को भंडारा के साथ तीन दिवसीय पूजनोत्सव संपन्न हो गया। इस दौरान सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। बता दें कि यह पूजनोत्सव कार्यक्रम बुधवार से शुरू हुआ था। तीन दिवसीय पूजनोत्सव में शुक्रवार को पूजा समिति द्वारा शिव चर्चा का आयोजन किया गया था। जिसमें शामिल होने व पूणार्हूति में हिस्सा लेने के लिए क्षेत्र के केसठ, कतिकनार, महादेवगंज, भटौली सहित दर्जनों गांवों के श्रद्धालु भक्तगण पहुंचे हुए थे। दोपहर तक शिव चर्चा चली। इसके बाद हवन की आहूति देने के बाद श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण का कार्य देर शाम तक चलता रहा। आयोजनकर्ता चिंटू सिंह ने बताया कि मंदिर के वर्षगांठ पर बीते सात वर्षों से तीन दिवसीय पूजनोत्सव कार्यक्रम आयोजित की जाती है। उन्होंने बताया कि अंतिम दिन भंडारा के साथ पूजनोत्सव संपन्न हो जाती है। उन्होंने बताया कि पूजनोत्सव में अखंड हरिकीर्तन, शिव चर्चा, प्रवचन किया जाता है। वही मंदिर के वर्षगांठ को ले पूजा समिति द्वारा मंदिर को काफी आकर्षक ढंग से सजाया गया था।

# ठोरी पांडेयपुर में श्रीरूद्र महायज्ञ के आयोजन की तैयारियां शुरू

- 27 नवंबर को निकलेगा शोभा जुलूस, चल रहा है यज्ञ मंडप का निर्माण कार्य
- यज्ञ स्थल पर होगी व्यापक सुरक्षा व्यवस्था, ड्रोन कैमरे से होगी निगरानी

**केटी न्यूज/डुमरांव**

स्थानीय प्रखंड क्षेत्र के ठोरी पांडेयपुर गांव में नौ दिवसीय श्री रूद्र महायज्ञ का भव्य आयोजन होगा। इसके लिए महान संत श्रीमद् विश्वक्सेनाचार्य श्री त्रिदंडी स्वामी जी महाराज के शिष्य श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी जी महाराज के मंगलानुशासन और नारायणाचार्य जी महाराज के तत्वावधान में आगामी 27 नवंबर को जलयात्रा सह भव्य शोभा जुलूस का आयोजन होगा। रुद्र महायज्ञ की तैयारी में यज्ञ स्थल पर भव्य यज्ञ मंडप और विभिन्न मार्गों पर प्रवेश मार्ग का निर्माण कार्य चल रहा है। इसको लेकर पूरे गांव और इलाके में भक्तिरस की अविरल धारा प्रवाहित हो रही है। समिति के सदस्यों ने बताया कि यह धार्मिक अनुष्ठान छह दिसंबर तक चलेगा। जिसमें देश के कोने कोने से संत महात्मा और विद्वान प्रवचन कताओं का आगमन हो रहा है। 27 नवंबर को जलयात्रा सह शोभा जुलूस के बाद 28 को वैदिक विधान से पंचांग पूजन, मंडप प्रवेश और अरणी मंथन आदि कार्यक्रम संपन्न होंगे। 28 नवंबर से छह दिसंबर तक नित्य भागवत पूजन, प्रवचन एवं भजन संध्या कार्यक्रम होगा। पांच दिसंबर को महायज्ञ की पूणार्हुति और छह दिसंबर को ही वृहद भंडारे का भी आयोजन किया गया है।



निमार्णाधीन यज्ञ मंडप

### भागवत कथा के श्रवण मात्र से जीवों का कल्याण संभव

ठोरी पांडेयपुर गांव में श्री रूद्र महायज्ञ के आयोजन को लेकर पधारे नारायणाचार्य जी महाराज ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा के श्रवण मात्र से जीवों का कल्याण संभव नारायणाचार्य श्रीमद् भागवत कथा के श्रवण मात्र से जीवों का कल्याण संभव है। जीव अपने माता के गर्भ में इस संकल्प के साथ स्वीकार करता है कि धरती पर जानें के बाद सर्वशक्तिमान परमात्मा को कभी नहीं भूलेगें। लेकिन इस सांसारिक माया में उलझकर अपने द्वारा किए गए एकरारनामा और संकल्प को भूल जाता है। उन्होंने विभिन्न उदाहरणों के माध्यम से जगत को जगदीश्वर की प्रतीति व अनुभूति का साधन बताया। संसार की सारी वस्तुएं अंत में यहीं छूट जाती है और केवल सत्कर्म, भजन अथवा धर्म ही साथ जाता है। किसी भी परिस्थिति में धर्म के पालन में प्रमाद नहीं करना चाहिए। धर्म के विभिन्न रूपों की व्याख्या करते हुए कुलधर्म, वर्णधर्म, आश्रम धर्म, दान धर्म, मोक्ष धर्म, स्त्री धर्म एवं भगवद्धर्म पर विस्तार से प्रकाश डाला।

### महायज्ञ को लेकर स्थानीय लोगों में उत्साह

महायज्ञ के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। यहां सीसीटीवी और ड्रोन कैमरे से निगरानी की व्यवस्था की गई है। इस महायज्ञ को लेकर स्थानीय लोगों में अदम्य उत्साह देखने को मिल रहा है। खासकर युवा वर्ग सुबह से शाम तक महायज्ञ स्थल पर अपनी सेवा दे रहे हैं। इस महायज्ञ के आयोजन के ठोरी पांडेयपुर गांव का माहौल भक्तिमय बन गया है। ग्रामीणों में उत्साह व्याप्त है। भागवत कथा वाचन व यज्ञ मंडप के निर्माण के माहौल भक्तिमय बन गया है। यहा महायज्ञ अभी से ही श्रद्धालुओं के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है।

### शिव मंदिर के गेट से उचक्कों ने उड़ाई बाइक

**डुमरांव।** डुमरांव थाना क्षेत्र के जंगलीनाथ शिव मंदिर के गेट के समीप से एक हीरो स्प्लेंडर बाइक की चोरी कर ली गई है। इसकी जानकारी मिलते ही पीड़ित ने अपने बाइक की काफी खोजबीन किया लेकिन कोई सुराग नही मिला। इस मामले में पीड़ित ने स्थानीय थाने में आवेदन देकर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। पुलिस मामले को दर्ज कर चोरों की शिनाख्त करने में जुट गयी है। पीड़ित नया भोजपुर का रहने वाला अशोक कुमार केशरी का पुत्र अतुल केशरी बताया जाता है। पुलिस को दिये आवेदन में अतुल ने बताया है कि वह जंगलीनाथ शिव मंदिर में शादी-विवाह के संबंध में पहुंचा था।

## फटाफट खबरें

### संपन्न हुआ 5 दिवसीय पंचकोशी परिक्रमा मेला

**बक्सर** । सिद्धाश्रम की पंचकोशी परिक्रमा मेला गुरुवार को संपन्न हो गया। परंपरा के अनुरूप आज शुक्रवार को बसांव मठ पर साधु-संतों को विदाई दी गई। जो पिछले पांच दिनों से परिक्रमा में शामिल थे। पंचकोशी परिक्रमा समिति के अध्यक्ष व बसांव मठ के महंत अच्युत प्रपन्नाचार्य जी महाराज द्वारा सभी संतों को दक्षिणा व अंग वस्त्र प्रदान किया गया। उनके साथ समिति के सचिव डॉक्टर रामनाथ ओझा भी उपस्थित रहे। विश्राम सरोवर पर मौजूद सैकडों की संख्या में साधु संतो को बसांव पीठ के माध्यम से प्रसाद ग्रहण कराया गया. इसके बाद बसांव पीठाधीश्वर ने साधु संतो को अंगवस्त्र एवं बहुमान देकर विदाई किया गया।साथ ही, अगले वर्ष की यात्रा के लिए पुन: आग्रह निमंत्रण भी दिया गया। विदाई के बाद पिछले पांच दिनों से परिक्रमा में शामिल साधु संत अपने गंतव्य की ओर रवाना हो गये। इस मौके पर मठ के परिकर शामिल रहे।

### कॉलेज कर्मी के निधन पर शोकसभो आयोजित

**बक्सर।** नगर के एमवी कॉलेज के कर्मियों ने शोक सभा का आयोजन कर साथी कर्मी नागेंद्र तिवारी के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। महाविद्यालय के पूर्व आदेशपाल नागेंद्र तिवारी का 17 नवंबर की रात्रि में आकस्मिक निधन हो गया था। तिवारी के निधन पर महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ सुभाष चंद्र पाठक की अध्यक्षता में एक शोक सभा का आयोजन किया गया। शोक सभा में सभी शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारियों द्वारा दो मिनट का मौन रखा गया एवं स्वर्गीय तिवारी के आत्मा की शांति हेतु भगवान से प्रार्थना की गई।

### हंगामा करते शराबी गिरफ्तार

**सिमरी।** स्थानीय थाना के चांद पाली गांव में शुक्रवार को पुलिस ने एक शराबी को गिरफ्तार किया। बताया जा रहा है कि गांव निवासी गिरधारी नट अत्यधिक शराब का सेवन कर गांव के चौराहे पर गाली गलौज कर शोर मचा रहा था। जब इसकी सूचना ग्रामीणों द्वारा पुलिस को दी गई तो उसे गिरफ्तार किया गया। बताया जा रहा है कि गिरधारी शराब सेवन के मामले में कई बार जेल जा चुका है। लेकिन फिर भी वह सुधरने का नाम नहीं ले रहा है। अब सवाल यह है कि जब राज्य में शराबबंदी कानून के तहत शराब की खरीद बिक्री पर प्रतिबंध है। तो फिर इन शराबियों को कहां से शराब मिल रहा है।

# पहल: न्यूरल ट्यूब डिफेक्ट के साथ पैदा हुई 16 दिन की काजल का होगा मुफ्त इलाज

- आरबीएसके के समन्वय से पटना एम्स में चल रहा है इलाज, जल्द होगी सर्जरी
- बच्ची के नि:शुल्क इलाज के कारण दूर हुई धनजी यादव की आधी चिंता

**केटी न्यूज/बक्सर**


काजल की पीठ पर न्यूरल ट्यूब डिफेक्ट

बच्चे जन्म के साथ घर में खुशियां लाते हैं। लेकिन, जब उन बच्चों को कोई जन्म से ही कोई बीमारी या समस्या हो जाती, जब माता पिता के साथ पूरे परिवार की खुशी क्षणभर में चिंता और परेशानी का सबब बन जाती है। ऐसा ही कुछ हाल जिले के ब्रह्मपुर प्रखंड रहथुआं निवासी धनजी यादव व उनके परिवार का हुआ। जिनकी बच्ची जन्म से ही न्यूरल ट्यूब डिफेक्ट की समस्या के साथ पैदा हुई। उनकी बेटी का जन्म रघुनाथपुर स्थित सरकारी अस्पताल में हुआ। जहां चिकित्सकों ने जब बच्ची के पीठ पर जख्म देखे, तो उनके हाथ पैर फूलने लगे। लेकिन, वरीय पदाधिकारियों से विमर्श करने के बाद उन्हें मालूम हुआ कि बच्ची की पीठ पर कोई जख्म नहीं, बल्कि न्यूरल ट्यूब डिफेक्ट के कारण ऐसा हुआ है।

**आरबीएस के डीसी ने पीएमसीएच किया रेफर :** धनजी यादव ने बताया कि उनकी बेटी काजल अभी महज 16 दिन की है। बेटी की इस शरीरिक समस्या का पता लगने के बाद घर के सभी लोग काफी मायूस हो गए थे। लेकिन, चिकित्सकों ने उन्हें राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) के जिला समन्वयक डॉ. विकास कुमार का संपर्क नंबर दिया। जिसके बाद उन्होंने आरबीएसके के डॉ. विकास से फोन कर पूरे मामले की जानकारी दी। सूचना मिलने के अगले दिन ही डॉ. विकास ने धनजी से संपर्क कर उन्हें जांच कराने के लिए पटना पीएमसीएच रेफर कर दिया। जहां से बच्ची को उचित इलाज के लिए पटना एम्स में रेफर कर दिया गया।

**चार माह बाद होगी काजल के दिल की जांच :** एम्स के चिकित्सकों ने जांच कर काजल का इलाज शुरू किया। इस दौरान चिकित्सकों ने बताया कि चार माह बाद काजल के दिल की जांच की जाएगी। जिसके आधार पर उसकी सर्जरी की तिथि तय की जाएगी। हालांकि, इस दौरान धनजी के लिए राहत की बात यह है कि बच्ची की इस समस्या का इलाज पूरी तरह नि:शुल्क किया गया और आगे भी किया जाएगा। जिसके कारण उनकी आधी चिंता दूर हो गयी। अब उनका पूरा परिवार काजल के जल्द ऑपरेशन और उसके जल्द ठीक हो जाने की कामना कर रहा है।

**दो प्रकार के होते हैं न्यूरल डिफेक्ट्स :** डॉ. विकास ने बताया कि गर्भावस्था के शुरूआती चरण में जब भ्रूण बढ़ने लगता है, तब न्यूरल ट्यूब विकसित होता है। जो आमतौर पर गर्भधारण के दो हफ्तों के भीतर शुरू हो जाता है। यह ट्यूब एक छोटे से रिबन की तरह होता है जो बाद में ब्रेन स्पाइनल कॉर्ड और नसों में विकसित होता है। कुछ वजहों यह न्यूरल ट्यूब सही से विकसित नहीं होता है। इससे ब्रेन, स्पाइनल कॉर्ड और नसों के विकास समस्याएं आने लगती हैं। महत्वपूर्ण अंगों को प्रभावित करने वाले इस तरह के दोषों को न्यूरल ट्यूब डिफेक्ट कहते हैं। इस तरह की स्थिति आमतौर पर गर्भावस्था के पहले महीने में उत्पन्न होती है। उन्होंने बताया कि मुख्य रूप से दो प्रकार के न्यूरल डिफेक्ट्स होते हैं -

1. बाइफिडा - इसमें स्पाइनल कॉर्ड में डिफेक्ट्स होता है।
2. एनेनसिफले - इसमें ब्रेन में डिफेक्ट आ जाता है।

**ये दोनों ही बीमारी जन्मजात होती है और इन बीमारियों से पूरी तरह से ठीक हो पाना मुश्किल होता है। उन्होंने बताया कि न्यूरल ट्यूब डिफेक्ट्स के कई कारण हो सकते हैं, जैसे जेनेटिक्स, न्यूट्रिशन और एनवायरनमेंट फैक्टर। इसके अलावा न्यूरल ट्यूब डिफेक्ट्स के कुछ लक्षण यथा पैरालिसिस, यूरीनरी प्रॉब्लम, डिफनेस, इंटेलक्चुअल डिसएबलिटी है।**

# रेलवे को डुमरांव से 10 करोड़ रु. की कमाई फिर भी लोगों की जान से हो रहा खिलवाड़

## ट्रेन और प्लेटफॉर्म के बीच गैपिंग ज्यादा होने से कई लोगों की हो चुकी है मौत

- बुजुर्गों, महिलाओं व बच्चों को होती है काफी परेशानी

**केटी न्यूज/डुमरांव**


ट्रेन में चढ़ने की मशक्कत करते यात्री

बक्सर रेलखंड के डुमरांव रेलवे स्टेशन पर मूलभूत सुविधाओं का घोर अभाव है। रेल यात्रियों की संख्या में इजाफे के बाद यहां की कमाई करीब दस करोड़ की राशि हो गयी है। लेकिन रेलवे द्वारा अभी तक मानक के हिसाब से प्लेटफार्म की उंचाई भी नहीं बढ़ाया गया है। स्थानीय रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म और ट्रेन के बीच गैप रहने से बेमौत मर रहे हैं रेल यात्री। पिछले बारह माह में कई रेल यात्रियों की मौत हो गयी जबकि दर्जनों से अधिक रेल यात्री चोटिल हो चुके है। अधिकांश हादसा ट्रेन से उतरने या चढ़ने के दौरान ही होता है। यात्रियों के साथ हो रहे हादसों के बाद भी रेलवे की ओर से प्लेटफॉर्म की ऊंचाई बढ़ाने की दिशा में कोई पहल नही की जा रही है। बताया जाता है कि डुमरांव रेलवे स्टेशन के अप और डाउन प्लेटफॉर्म की ऊंचाई मानक के अनुसार नही है।

आधिकारिक सूत्रों की माने तो स्टेशनों पर तीन श्रेणी का प्लेटफॉर्म बनाया जाता है, जिसमें रेल लेवल, मीडियम लेवल और हाई लेवल प्लेटफॉर्म शामिल है। छोटे स्टेशनों और हाल्टों पर रेल लेवल प्लेटफार्म होता है। यह ट्रैक के लेबल का होता है। मीडियम लेबल की ऊंचाई सवा दो फीट तथा हाई लेबल प्लेटफॉर्म की ऊंचाई ढाई फीट निर्धारित किया गया है। जानकार बताते है कि हाई लेबल प्लेटफॉर्म ट्रेन के डिब्बे के बराबर होता है, जिस वजह से खतरे की संभावना कम होती है।

**बी ग्रेड में शामिल है डुमरांव स्टेशन :** स्थानीय रेलवे स्टेशन बी ग्रेड के स्टेशनों में शुमार है। इस स्टेशन की लंबाई करीब आठ सौ मीटर है। इस रेलवे स्टेशन से करीब 12 हजार यात्रियों का हर दिन आना-जाना होता है। रेल विभाग को यहां से हर साल करीब दस करोड़ रुपये की आमदनी होती है। राजस्व के बढ़ोतरी के बाद भी रेलवे द्वारा यात्री सुविधाओं की कमी से लोगों के बीच निराशा बनी है। दैनिक यात्री पवन कुमार, राजकुमार, कल्लू राम, कृष्णा चंद आदि ने बताया कि मूलभूत सुविधाओं सहित प्लेटफॉर्म की ऊंचाई बढ़ाने की रेल विभाग सुध नही ले रहा है, जिस वजह से यह स्टेशन हादसों का गवाह बन रहा है।

### मानक से एक फीट नीचे है प्लेटफार्म

स्थानीय रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म मानक से एक फीट नीचे है। ट्रेन और प्लेटफॉर्म में अधिक गैप होने से रेल यात्री दुर्घटनाओं के शिकार बन रहे है। ट्रेन से उतरने के दौरान हल्की चूक होने से भी यात्री रेलवे ट्रैक पर गिर पड़ते है और बेमौत काल के गाल में समा जाते है। रेल यात्री कल्याण समिति के अध्यक्ष राजीव रंजन सिंह बताते है कि पिछले दिनों पूरे वर्ष का रिकॉर्ड देखा जाये तो दर्जन भर यात्री चढ़ने-उतरने के दौरान गंभीर रूप से चोटिल हो चुके है। कईयों को पैर-हाथ गंवाना पड़ा तो कई मौत के मुंह में समा गये। प्लेटफॉर्म की ऊंचाई बढ़ाने के लिए कई बार रेल अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा गया है। लेकिन अभी तक इस दिशा में कार्रवाई की बात तो दूर आश्वासन भी नहीं मिला है।

# दलित बस्ती में नही है शराबबंदी का असर घरों के आंगन में बन रहा देशी शराब

**केटी न्यूज/बक्सर**


कूड़े के ढेर में शराब खोजती पुलिस की टीम (फाइल फोटो)

अनुमंडल के दलित व मुसहर टोली शराब बंदी असर नहीं दिख रहा है। जिसका सीधा आरोप ग्रामीणों के द्वारा उत्पाद विभाग पर लगाया जा रहा है। ग्रामीण उत्पाद विभाग को फेलुवर मान रहे है। जिसका परिणाम है कि समय-समय पुलिस के भठ्ठियां ध्वस्त होती रही है या अर्द्धनिर्मित शराब मिलता रहता है। जानकारों की मानें अनुमंडल के विभिन्न इलाकों में देशी शराब की स्पलाई होती है। जिसको लेकर कई बार पकड़े गये तस्करों ने खुलासा भी किया है। हलांकि जो सबसे चौकाने वाली बात सामने आई है उसमें देशी शराब के धंधे में महिलाए ज्यादा कारोबार कर रही है। पिछले एक साल में ध्वस्त की गई भठ्ठियां।

हालांकि, स्थानीय पुलिस ने इसे रोकने लिए हमेशा प्रत्यासरत है। प्रतिदिन छापेमारी होती भी है। तस्करों की गिरफ्तारी भी होती है। परन्तु धंधेबाज जेल जाने के बाद तुरंत ही जमानत पर बाहर आ जाते है। उसके बाद और दुगने रफ्तार में धंधे में जूट जाते है। कई गांव ऐसे भी है जहां बाप-बेटा, पत्नी, मां व बेटी भी इस धंधे में जुड़ी है। पांच वर्ष पूर्व 5 अप्रैल 2016 को पूर्ण शराबबंदी के बाद कुछ महीने तक इसका व्यापक असर देखा गया। महिलाओं के खिलाफ अपराध में कमी आई, मगर इसके बाद धीरे-धीरे स्थिति पहले की तरह हो गई। अंतर बस इतना आया कि शराब की सरकारी दुकानें तो बंद हो गईं। मगर शराब की खपत और बिक्री में कोई कमी नहीं आई। जिनकी जेब में पैसे हैं, उनके लिए शराब हासिल करना पहले की तुलना में ज्यादा आसान है। हां, अंतर बस इतना आया है कि पहले लोग शराब पी कर हंगामा करते थे, अब ऐसी घटनाओं में कमी आई है। जहां लंबे समय से लगातार शराब की तस्करी व निर्माण हो रहा है। पुलिस सूत्रों के सिमरी थाना क्षेत्र के दुल्हपुर, बलिहार व मझवारी है।

# अंचल अमीन की जांच प्रतिवेदन में घर में रहते दर्जनों परिवार हुए बेघर

**केटी न्यूज/डुमरांव**

अंचल अमीन की गड़बड़ी ने न सिर्फ दर्जनों परिवार को परेशानी में डाल दिया है, बल्कि प्रशासन के बड़े हकीम को भी कटघरे में खड़ा कर दिया है। जिला पदाधिकारी अमर समीर ने पिछले दिनों डुमराव राजघराने सीलिंग एक्ट में फंसी जमीन के बिक्री मामले पर अंचल कार्यालय से प्रतिवेदन का मांग किया गया था। तब से यह मामला पूरे शहर में लोगों के बीच सुर्खियों में है। मौजा भोजपुर कदीम थाना नंबर 154 खाता संख्या 365 का कूल रकबा 66 एकड़ है। वर्ष 1970 के दशक में इस जमीन की बिक्री में दर्जनों लोग खरीददार है। वर्तमान में इस जमीन पर तीन दर्जन से अधिक मकान है। जिसमें लोग सपरिवार निवास करते हैं। इस बहुचर्चित जमीन पर प्रशासन के रवैया का सहज अंदाजा सिर्फ इस बात से लगाया जा सकता है कि पिछले दिनों अंचल अमीन को सरह जमीन पर जाकर नक्शा का मिलान कर जमीन का भौतिक सत्यापन करने का निर्देश दिया गया था। इस आलोक में अंचल अमीन द्वारा निर्गत जांच प्रतिवेदन न सिर्फ चौंकाने वाला है बल्कि इस जांच प्रतिवेदन पर भूमि सुधार उप समाहर्ता डुमरांव द्वारा निर्गत आदेश ने सत्य पर सवाल खड़ा कर दिया है।

इस आदेश के बाद दर्जनों लोग एडीएम कार्यालय बक्सर से लेकर अंचल कार्यालय डुमराव तक लगातार दौड़ लगा रहे हैं। दरअसल अंचल अमीन ने जमील के भौतिक सत्यापन के बाद निर्गत प्रतिवेदन में कहा है कि प्रश्न कद भूमि पर नक्शा मिलान के बाद सभी खेसरा जोत रोप के रूप में खाली परती जमीन है। इस खेसरा में एकमात्र मकान चंद्रमा यादव का अवस्थित है जिस पर उनका दखल कब्जा बरकरार है। अंचल अमीन के इस प्रतिवेदन में उक्त जमीन पर मकान बनाकर रह रहे दर्जनों परिवार बेघर हो गए हैं। मकान भी धरातल से गायब है। प्रोफेसर एसएन पाठक गोपाल जी मिश्रा का कहना है कि अंचल अमीन के इस प्रतिवेदन ने सभी लोगों की मुश्किल को बढ़ा दिया है। अंचलाधिकारी अंकिता सिंह ने कहा कि अंचल अमीन द्वारा दिए गए प्रतिवेदन के आधार पर निर्गत आदेश के संदर्भ में उक्त जमीन पर रहने वाले लोगों द्वारा आपत्ति जताई गई है।

## छोटी खबरें

### सिमरी में दो पक्षों के बीच विवाद के कारण नाली निर्माण का कार्य बाधित



**सिमरी।** प्रखंड मुख्यायल स्थित सब्जी बाजार के समीप जलजमाव की समस्या से राहगीरों तथा बाजार में सामान खरीदने आने वालों को भारी फजीहत का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि दो पक्षों के बीच आपसी विवाद के कारण नाली का निर्माण नहीं हो रहा है। जिसके कारण जलजमाव की समस्या बराबर बनी रहती है। हालांकि इस समस्या के निदान के लिए पंचायत के मुखिया एवं उप मुखिया द्वारा बीडीओ शशिकांत शर्मा एवं सीओ कौशल कुमार से लिखित शिकायत की गई। शिकायत के बाद मौके पर पहुंच बीडीओ एवं सीओ द्वारा स्थल का मुआयना किया गया। लेकिन नतीजा ढाक के तीन पात वाला ही निकला। ग्रामीणों की माने तो सब्जी बाजार में खरीदारी करने के लिए क्षेत्र के सैकड़ों लोगों का प्रतिदिन आना-जाना लगा रहता है। लेकिन जलजमाव होने के कारण भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है तो वही अक्सर लोग जलजमाव व कीचड़ के कारण फिसल कर दुर्घटना का शिकार होते रहते हैं। इस समस्या के शीघ्र समाधान लिए ग्रामीणों ने डीएम से गुहार लगाई गई है।

### 28 से 30 तक होगा लाइसेंसी शस्त्रों का सत्यापन, पांच वर्ष के लिए होगा नवीनीकरण



**बक्सर।** अब लाइसेंसी शस्त्रों का नवीनीकरण पांच वर्ष के लिए होगा। लेकिन, उससे पूर्व शस्त्र धारक को उसका भौतिक सत्यापन करना होगा। जिला शस्त्र पदाधिकारी ने तीन दिनों की तिथि जारी की है। जिसमें कहा गया है। 28 से लेकर 30 तक सभी थानों पर सत्यापन होगा। जिन लोगों ने नप चुनाव की जारी तिथि से पूर्व अपना सत्यापन सितंबर 2022 में कराया होगा। उन्हें सत्यापन कराने की जरुरत नहीं है। जिलाधिकारी ने जो सूची जारी की है उसके अनुसार बक्सर मुफस्सिल में अंचलाधिकारी चौसा, बक्सर औद्योगिक में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी बक्सर, बक्सर नगर में अंचलाधिकारी बक्सर, धनसोई थाना में अंचलाधिकारी राजपुर, राजपुर थाना में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी राजपुर, इटाढी थाना में अंचलाधिकारी इटाढी, ब्रहम्पुर थाना में अंचलाधिकारी ब्रहम्पुर, बगेन गोला थाना में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी ब्रहम्पुर, सिमरी थाना में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी सिमरी, डुमराँव थाना में अंचलाधिकारी डुमराँव, कृष्णब्रह्म थाना में अंचलाधिकारी चक्की, कोरानसराय थाना में अंचलाधिकारी केसठ, नावानगर थाना में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी नावानगर, सिकरौल थाना में अंचलाधिकारी नावानगर, मुरार थाना में अंचलाधिकारी चौगाई एवं नैनीजोर थाना में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी चक्की के द्वारा 28.11.2022, 29.11.2022 एवं 30.11.2022 को सत्यापन किया जाएगा। पूर्वाह्न 11 से अपराह्न 4 बजे तक यह कार्य होगा। इसमें यह उल्लेख भी है। 70 वर्ष से अधिक आयु के लोगों की समीक्षा कर लें। अगर वे आर्म्स चलाने के योग्य न हों तो उसकी रिपोर्ट भी दें।

### वर्षो से बंद पड़ा केसठ राजवाहा चार की शुरू हुई सफाई, किसानों को होगा फायदा



**केसठ।** प्रखंड के केसठ राजवाहा 4 की सफाई शुरू हो गई है,जो लगभग 50 वर्षों से अतिक्रमण का शिकार हो गया था। ग्रामीणों ने बताया कि राजवाहा 4 में कुछ स्थानीय लोगों द्वारा नाले में कचरा फेंक कर उसे भर दिए थे और झोपड़पट्टी लगाकर ले लिए थे। जिससे नहर का पानी नाला में नहीं जा पाता था। नाले में पानी नहीं जाने के करना लगभग 400 बीघा खेत पानी में डूब जाता था। जिससे किसानों को लाखो रुपए की क्षति होती थी। इस संदर्भ में केसठ मुखिया अरविंद कुमार यादव ने बताया कि राजवाहा 4 का कटाई के साथ मरम्मती कार्य भी शुरू हो गया है, जो 15 वित्त आयोग से किया जा रहा है। मुखिया ने बताया कि मध्य विद्यालय केसठ से होते हुए पुराना बाजार कलेश्वर बाबा मंदिर तक नाला के मरम्मती की जाएगी। नाला की मरम्मती हो जाने से बरसात के दिनों में खेतों में लगने वाले पानी से किसानों को राहत मिलेगी। वहीं उन्होंने बताया कि राजवहा पर दो पुलिया का निर्माण किया जाएगा। जिससे ग्रामीणों के आवागमन कोई परेशानी नहीं होगी। ग्रामीण श्री किशुन पासवान, टिंकू, संजय प्रसाद आदि ने बताया कि नाला की मरम्मती हो जाने से सैकड़ों किसानों को लाभ मिलेगा। मुखिया ने बताया कि नाले की माफी कर जेसीबी से मरम्मती का कार्य शुरू किया गया है।मुखिया की इस पहल से किसानों में काफी हर्ष व्यापक है।

# सामाजिक कार्यकर्ता सर्वजीत ने पत्नी के साथ रक्तदान कर मनाई सालगिरह

- शादी के दिन भी दोनों रक्तदान कर बंधे थे परिणय सूत्र में

**केटी न्यूज/बक्सर**



जिले में दानवीरों के कारण ही आज जरूरमंदों की जरूरत पूरी होती है। चाहे वो आर्थिक हो या फिर कुछ और। लेकिन, जिले में ऐसे भी दानवीर हैं। जिनकी बदौलत जरूरमंद मरीजों को समय पर खून की मदद मिलती है। ऐसे दानवीरों को रक्तदानवीर भी कहते हैं। ऐसे ही जिले के एक रक्तदानवीर है, सर्वजीत कुशवाहा। जो समय समय पर रक्तदान शिविर लगाने के लिए स्वयं भी रक्तदान करते हैं। सबसे मजे की बात, तो यह है कि इस अभियान में सर्वजीत के साथ इस नेक कार्य में उनकी पत्नी भी उनका इस अभियान में साथ देती हैं। शुक्रवार को उनके शादी की दूसरी सालगिरह थी। जिसको लेकर दोनों पति-पत्नी पुराना सदर अस्पताल स्थित रेडक्रॉस ब्लड बैंक में पहुंचे। जहां उन्होंने रक्तदान कर जिले के लोगों के सामने एक नजीर पेश की। युवा दंपति ने रक्तदान अपने शादी के सालगिरह के अवसर पर रक्तदान करने की जानकारी रेडक्रॉस सोसाइटी के सचिव डॉ श्रवण तिवारी ने मिली। जिसके बाद वो तत्काल रेडक्रॉस ब्लड बैंक पहुंचे। जहां उन्होंने युवा दंपति को इस नेक कार्य के लिए धन्यवाद देते हुए एनिर्वसरी की बधाई भी दी।

सर्वजीत कुशवाहा की पत्नी सुमित्रा कुशवाहा ने बताया कि जब उन दोनों की शादी तय हुई, तो उन्हें सर्वजीत के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से रक्तदान के अलावा अन्य सामाजिक कार्यों के संबंध में जानकारी मिलती थी। जिसे पढ़ने और देखने के बाद उनको सर्चजीत पर गर्व होता था। इसलिए दोनों ने यह तय किया कि सर्वजीत के इस नेक कार्य में वो उनका साथ देंगी। जिसकी शुरूआत शादी के दिन से ही। उन्होंने बताया कि 18 नवंबर 2020 के दिन अपनी शादी के दिन फेरे लेने से पहले भी पत्नी के साथ रक्तदान किया था। बताया जाता है कि सर्वजीत अब तक कुल 31 बार रक्तदान कर चुके हैं। वहीं, सुमित्रा ने शादी की सालगिरह के उपलक्ष्य पर अब तक दो बार रक्तदान किया है।

**युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं सर्वजीत :** रेडक्रॉस सोसाइटी के सचिव डॉ. श्रवण तिवारी ने बताया कि सामाजिक कार्यकर्ता बर्तमान के युवाओं के लिए मिशाल है। इसके साथ ही युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत भी है। वहीं रक्तदान करने वाले दंपति ने कहा कि खून किसी मशीन में नहीं बनता है। वह हमारे शरीर में ही बनता है। जिससे मानवता की रक्षा की जा सकती है। विकट परिस्थिति में जरूरतमंद की जीवन को बचाने में तत्काल भूमिका निभाई जा सकती है। उन्होंने बताया कि रक्तदान को लेकर हर युवा वर्ग को आगे आना होगा। जिससे जरूरतमंद लोगों को समय पर जीवन दान के साथ ही सहयोग प्राप्त हो सके।

## छोटी खबरें

### सड़क पर गिरे मजदूर को ट्रक ने कुचला, मौत



**मऊ।** कोपागंज नगर पंचायत क्षेत्र के कसारा मोड़ पर शुक्रवार को सड़क दुर्घटना में मौत हो गई है। भरे बाजार हुई इस घटना के बाद हादसे को देख सैकड़ों लोगों की भीड़ जुट गयी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक का शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। वहीं, लोगों ने ट्रक चालक को दबोच रखा था। जिसे पुलिस ने हिरासत में लेते हुए, ट्रक को जब्त कर लिया। मृतक की पहचान कोपा कोहना वार्ड नंबर 13 निवासी बंगाली राजभर के बेटे विनोद राजभर के रूप में की गई। पेशे से मजदुर था। बताया जाता है कि शुक्रवार की दोपहर दो बजे के आसापास वो अपने घर जा रहा था। अभी वह कसारा मोड़ पर पंहुचा था कि अचानक अनियंत्रित होने से वो सड़क पर गिर पड़ा। अभी वह खुद को संभालने की कोशिश कर ही रहा था कि कसारा से कोपागंज आ रही ट्रक ने उसे रौंद डाला। जिससे घटना स्थल पर ही उसकी मौत हो गई। भरे बाजार में हुए इस हादसे से लोगो में हड़कंप मच गया। मृत युवक पेशे से मजदुर था और उसके पिता मिस्त्री का काम करते हैं। मृतक के कुल चार भाई और दो बहन है। बड़ा भाई धर्मेंद्र, भोड़ा और विनोद मजदूरी का कार्य करते थे छोटा राजेश मुंबई में नौकरी करता है। बेटे के अचानक मरने की खबर सुनकर परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### शॉर्ट सर्किट से मोबाइल ट्रांसफार्मर में लगी आग, प्रखंड परिसर में मचा हड़कंप



**मऊ।** बिजली कंपनी की लापरवाही से मोहम्मदाबाद गोहना प्रखंड परिसर में लगाया गया 400 केवीए के मोबाइल ट्रांसफार्मर में शुक्रवार को दिन में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। जिससे वहां मौजूद लोगों और स्थानीय दुकानदारों हड़कंप मच गया। लोगों की मदद से ट्रांसफार्मर में लगी आग पर बालू मिट्?टी व राख डालकर किसी तरह काबू पाया गया। जब तक आग पर काबू पाया जाता तब तक विद्युत ट्रांसफार्मर पूरी तरह से जलकर राख हो गया। आग बुझाने के घंटों बाद फायर सर्विस की गाड़ी मौके पर पहुंची। बताया जाता है कि ब्लॉक परिसर में बिजली कंपनी द्वारा लगाया गया 250 केवीए का ट्रांसफार्मर लगभग महीनों पूर्व से जला था। इसके बाद कंपनी द्वारा 400 केवीए का मोबाइल ट्रांसफार्मर लगाकर विद्युत की आपूर्ति बहाल की गई। परंतु महीनों बीत जाने के बाद भी जले हुए 250 केवीए के ट्रांसफार्मर को नहीं हटाया गया और न ही उसके स्थान पर कोई दूसरा ट्रांसफार्मर लगाया गया। इस संबंध में पूछे जाने पर सहायक अभियंता नीरज कुमार ने बताया कि मोबाइल ट्रांसफार्मर में केबल के पिघलनसे से आग लगी थ। ट्रांसफार्मर की व्यवस्था कर दी गई है, शनिवार विद्युत आपूर्ति कर दी जाएगी।

### अनियंत्रित कार ने ऑटो व ई-रिक्शा को मारी टक्कर, चार जख्मी, अस्पताल में चल रहा इलाज



**बलिया।** दुबहर थाना क्षेत्र के श्रीरामपुर ढाले के समीप सड़क दुर्घटना में चार लोग जख्मी हो गए। जानकारी के अनुसार एक अनियंत्रित कार ने ऑटो व ई-रिक्शा को टक्कर मार दी। घटना के बाद वहां अफरातफरी मच गई। लेकिन, स्थानीय लोगों की तत्परता से सभी जख्मियों का इलाज जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सों ने दुर्घटना में आंशिक रूप से घायल लोगों का उपचार कर घर भेज दिया। लेकिन इनमें से चार लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। जिनका इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। जख्मियों में हल्दी थाना अंतर्गत परसिया निवासी अक्षय कुमार सिंह व उनकी पत्नी राजमणि देवी तथा विश्वनाथ सिंह व उनकी पत्नी अंजू देवी शामिल हैं। घटना के संबंध में बताया जाता है कि श्रीरामपुर ढाले के समीप सड़क के किनारे ई-रिक्शा और ऑटो यात्रियों को बैठाने के लिए खड़े थे। इस बीच टक्कर इतनी जोरदार थी कि ई-रिक्शा के परखच्चे उड़ गए। वहीं, ऑटो को कोई नुकसान नहीं हुआ। हालांकि, टक्कर मारने के बाद कार चालक उदयपुर ढाले पर कार छोड़कर फरार हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने वाहनों को जब्त करते हुए थाने ले आई।

### अज्ञात बोलेरो ने बाइक सवार को मारी टक्कर, अस्पताल में इलाज के दौरान एक की मौत

**मऊ।** जिले के रानीपुर थाना क्षेत्र के मऊ आजमगढ़ मार्ग धर्मसीपुर नहर के पास बोलेरो के धक्के से दो बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही मौके पर पहुची पुलिस ने 112 एंबुलेंस से दोनों घायलों को जिला चिकित्सालय भेजा। लेकिन, अस्पताल में इलाज के दौरान एक की मौत हो गई। बताया जाता है कि दोहरीघाट थाना अंतर्गत उसरी निवासी पहलाद कुमार का बेटा सुभाष और करमन का बेटा नितेश पेड़ काटने का काम करते हैं। वह अपने घर से घोसी थाना क्षेत्र के नदवासराय पेड़ काटने के लिए आए हुए थे। लेकिन, जब काम के दौरान नशे की तलब लगी, तो मोटरसाइकिल लेकर दोनों नशा का सामान खरीदने के लिए निकल पड़े। जैसे ही वो मऊ आजमगढ़ मार्ग पर धर्मसीपुर नहर के पास पहुंचे मोहमदाबाद की तरफ आ रही एक अनियंत्रित बोलेरो ने उनकी बाइक को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी और मोहमदाबाद की तरफ तेजी से फरार हो गयी। टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। वहीं, दोनों गंभीर रूप से जख्मी हो गए। सूचना मिलने के बाद पहुंचे सीओ नरेश कुमार ने दोनों जख्मियों को 112 एंबुलेंस से जिला अस्पताल भेजवाया। जहां नितेश की इलाज के दौरान मौत हो गई। जिसकी सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### मारपीट मामले की जांच में चौकी इंचार्ज की लापरवाही पर कोर्ट ने लगाई फटकार

**बलिया।** जांच आख्या ना मिलने पर एफटीसी द्वितीय की अदालत ने आगामी 30 नवंबर को सिविल लाइन के चौकी इंचार्ज प्रभाकर शुक्ल को व्यक्तिगत रूप से तलब किया है। इसके साथ न्यायालय ने यह भी कहा है कि यदि चौकी इंचार्ज प्रभाकर शुक्ल द्वारा जांच आख्या न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है, तो बताएं कि किस तिथि को उन्होंने जांच आख्या न्यायालय में प्रेषित किया है। मामले में बताया जाता है कि गाजीपुर मोहम्मदाबाद निवासी बिंदु देवी ने अपने पति के खिलाफ परिवार न्यायालय में वाद प्रस्तुत किया था। पत्नी बिंदु देवी का आरोप था कि परिवार न्यायालय से भरण पोषण के लिए आदेश होने के बाद उनके पति शिवजी गुप्ता व उनके परिजनों द्वारा न्यायालय के बाहर ही उन्हें तथा उनके बच्चों के साथ मारपीट गई। साथ ही, उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी गई। इसी मामले में कोर्ट ने सिविल लाइन के उप निरीक्षक प्रभाकर शुक्ल से मामले की जांच कर जांच आख्या मांगी थी। लेकिन उप निरीक्षक प्रभाकर शुक्ल ने कोर्ट को यह जवाब दिया कि उनके द्वारा जांच आख्या बीते 9 सितंबर 2022 को कोर्ट में प्रेषित किया जा चुका है। जबकि न्यायालय में कोई भी आख्या प्रस्तुत नहीं किया गया है।

# अमर शहीद हमारी धरोहर, इनकी कुबार्नी कभी नहीं भूल सकेंगे : डीएम

- डीएम ने शेरपुरकला गांव में आरआरसी सेंटर का किया भूमि पूजन व शिलान्यास
- अमर शहीदों एवं स्वतंत्रता सेनानियों के परिजनों को अंगवस्त्र देकर किया सम्मानित

**केटी न्यूज/गाजीपुर**



भूमि पूजन के लिए हवन करतीं डीएम व अन्य

जिलाधिकारी आर्यका अखौरी ने भांवरकोल क्षेत्र पंचायत की सबसे बड़ी ग्राम पंचायत शेरपुर के शेरपुरकलां गांव में आरआरसी सेंटर का वैदिक मंत्रोचार के बीच भूमि पूजन कर शिलान्यास किया गया। इसके पूर्व जिलाधिकारी ने शहीद पार्क स्थित शहीद स्मारक पर 18 अगस्त 1942 के अमर अष्ट शहीदों को पुष्पांजलि कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस मौके पर उन्होंने अमर शहीदों एवं स्वतंत्रता सेनानियों के परिजनों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी आर्यका अखौरी ने कहा कि स्वतंत्रता आन्दोलन के अमर शहीदों के गांव आकर काफी अभिभूत हूं। उन्होंने अमर शहीदों की स्मृति का नमन करते हुए कहा कि अमर शहीद हमारी धरोहर है। इनकी कुबार्नी को देश कभी नहीं भूल सकेगा।

**गीला कूड़ा को छांटकर किया जाएगा रिसाईकल :** जिलाधिकारी ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन की सफलता को लेकर शासन स्तर से गांवों को ओडीएफ प्लस के तहत कूड़ा निस्तारण प्रणाली लागू किया जा रहा है। इसके तहत कूडे.का निस्तारण एवं प्रबंधन के कार्यान्वयन में ग्रामीणों का सहयोग अपेक्षित है। उन्होंने बताया कि सूखा एवं गीला कूड़ा को छांटकर उसे रिसाईकल किया जाएगा। इससे गांवों में रोजगार के अवसर प्राप्त होगे। इसके साथ ही ग्रामीणों को बीमारियों से निजात मिलेगी। उन्होंने कहा कि इस उजार्वान धरती के लोग गांव की स्वच्छता को लेकर पूरी गंभीरता से कार्य करेंगे।

**प्राथमिक विद्यालयों को सुविधाओं से किया जा रहा परिपूर्ण :** जिलाधिकारी ने कहा कि इस गांव की गंगा नदी से हो रही कटान के बावत सिंचाई विभाग सहित शासन स्तर से बाढ़ से पहले कटान रोधी कार्य शुरू करा दिया जाएगा। मौके पर एसडीएम हर्षिता तिवारी ने कहा कि शासन की ओर से प्राथमिक विद्यालयों को सुविधाओं से परिपूर्ण किया जा रहा है। ऐसे में विशेष रूप से बालिकाओं को शिक्षित करने तथा उनकी प्रतिभा की पहचान कर उसे योग्य बनाने में अपनी सकारात्मक ऊर्जा लगाए जिससे उन्हें क्षमतावान बनाया जा सके। इस मौके पर डीपीआरओ अंशुल मौर्य, डीसी मनरेगा, बीडीओ रामकृपाल, एबीएसए दीनानाथ साहनी, अशोक कुमार यादव, गांव प्रधान अंजली राय, जयानंन्द राय, जयप्रकाश राय,लल्लन राय, बिद्वासागर गिरी, आनंन्द राय, सूर्यभान राय, हेमनाथ राय, इन्द्रासन राय, मुन्ना यादव, राजू चौरसिया, रबीन्द्र यादव आदि लोग मौजूद रहे।

### विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति की विरोध सभा में फूटा कर्मचारियों का गुस्सा

# विद्युत कर्मचारी और अभियंताओं का एलान 29 से करेंगे अनिश्चितकालीन कार्य बहिष्कार

- सरकार के उदसीन रवैये पर जताई नाराजगी, कहा- करेंगे वृहद आंदोलन

**केटी न्यूज/गाजीपुर**



कार्यक्रम को संबोधित करते कर्मचारी

अपनी मांगों को लेकर विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति ने शुक्रवार को लाल दरवाजा पावर हाउस पर विरोध सभा किया। इसमें जिला संयोजक निर्भय सिंह ने बताया कि बिजली कर्मचारियों, अवर अभियंताओं व अभियंताओं की न्याय संगत समस्याओं का समाधान किए जाने के लिए विरोध सभा किया गया। जिसमें उत्तर प्रदेश ऊर्जा निगमों में शीर्ष ऊर्जा प्रबंधन की स्वेछाचारित विभाग के सेवा नियमों व श्रम अधिनियमों एवं मानवाधिकार कानून के इतर कार्मिकों से कार्य लिए जाने, अव्यवहारिक लक्ष्यों के आधार पर समीक्षा कर बड़े पैमाने पर मनमाने ढंग से उत्पीड़न कर ऊर्जा निगमों में शिखर प्रबंधन द्वारा तानाशाही रवैया अपनाकर औद्योगिक शांति को भंग करने के अलोकतांत्रिक प्रयास पर तत्काल रोक लगाई जाए।

विरोध सभा में समिति के सह संयोजक अभिषेक राय ने बताया कि सभी बिजली कर्मचारियों एवं अभियंताओं को पूर्व की भांति 9 वर्ष कुल 14 वर्ष एवं कुल 19 वर्ष की सेवा के उपरांत पदोन्नत पद के समयबद्ध वेतमान प्रदान किए जाए। वहीं, सभी बिजली कर्मियों /सेवा निवृत कर्मियों को कैशलेस इलाज की सुविधा प्रदान सहित इलेक्ट्रिसिटी रिफार्म एक्ट 1999 ट्रांसफर स्कीम 2000 एवं 25 जनवरी 2000 को उ.प्र. सरकार एवं विद्युत कर्मचारी सयुक्त संघर्ष समिति के मध्य हुए समझौते के अनुसार बिजली कर्मियों को मिल रही रियाती बिजली की सुविधा ( एलएमवी-10 ) पूर्ववत जारी रखी जाए।

#### समिति ने जारी की आंदोलन की रूपरेखा

वहीं, जिला संयोजक निर्भय सिंह कहा कि 21 नवंबर को विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति समस्त जिलों में शाम को विरोध सभा करेंगे। वहीं, 22 नवंबर को समस्त जिला मुख्यालय पर जन प्रतिनिधियों को ज्ञापन दिया जायेगा। 28 नवंबर सायं पांच बजे को समस्त जनपदों पर मशाल जुलूस निकाला जाएगा एवं 29 नवंबर को सुबह आठ बजे से सभी जनपदों पर समस्त विद्युत कर्मचारी व अभियंता अनिश्चितकालीन कार्य बहिष्कार करेंगे। विरोध सभा में मुख्य रूप से सहायक अभियंता मिठाईलाल, शेखर सिंह, जूनियर इंजीनियर संगठन के जिलाध्यक्ष रोहित खरवार, अवर अभियंता पंकज सिंह, नीरज सोनी, अविनाश सिंह, अमित गुप्ता, विद्युत मजदूर पंचायत के जिला संरक्षक शिवदर्शन सिंह, जिलाध्यक्ष अरविंद कुशवाहा, जिला मंत्री विजयशंकर राय, विष्णु राय, बिजेंद्र यादव, सलीम अंसारी, प्रवीण पाण्डेय, बृजेश, सुजीत यादव, राघवेंद, विनय पांडेय, महेश त्रिपाठी, शशिकांत मौर्य, रमेश यादव, मनीष राय, अरविंद श्रीवास्तव, अमित सिंह, पीतांबर कुशवाहा, अश्वनी सिंह, अजय विश्वकर्मा, प्रवीण सिंह, भानु सिंह, अनुराग सिंह, सुरेंद्र सिंह, नौशाद, मुन्ना, विनय तिवारी, वरूण राय, मनोहर यादव, आजाद सहित समस्त विद्युत कर्मी उपस्थित रहे।

### मिलावटी मिठाइयों की बिक्री पर लगाम लगाने के लिए चला अभियान



**मऊ।** जनपद के रतनपुरा बाजार सहित पहसा, हलधरपुर और बिलौझा में गुरुवार को खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने मिलावटी मिठाइयों की बिक्री पर रोक लगाने के लिए अभियान चलाया। इस दौरान टीम ने विभिन्न दुकानों से मिठाइयों व सामानों के नमूने इकट्ठा किया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्रीमती बिंदु पांडे व रामानंद यादव के नेतृत्व में 63 दुकानों का सैंपल लिया गया। जिसमें बर्फी, मकदर, रस मलाई, पेड़ा तथा साथ ही हल्दी मसाला की दुकान से भी सैंपल लिया गया। इस कार्रवाई से दुकानदारों में हड़कंप मचा रहा। दुकानदार अपनी दुकान बंद कर भागते दिखे। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने निर्देश दिया कि मिलावटी सामानों की बिक्री करते हुए पकड़े जाने पर केस दर्ज कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। शुद्ध सामानों की बिक्री करने की हिदायत दी गई।

# जिला कोषागार अधिकारी ने जेएनसीयू के कुलपति पर बंधक बनाने का लगाया आरोप



जानकारी देतीं जिला कोषाधिकारी ममता सिंह

- विश्वविद्यालय में 28 सहायक आचार्यों की फर्जी तरीके से नियुक्ति की चल रही जांच
- जिला कोषाधिकारी ने जिलाधिकारी से की सुरक्षा देने की मांग


**केटी न्यूज/बलिया**

जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय के कुलपति पर जिला कोषागार अधिकारी को बंधक बनाने मामला सामने आया है। जिसमें जिला कोषाधिकारी ममता सिंह ने कुलपति पर आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी से सुरक्षा की मांग की है। बताया जाता है कि हाल ही में विश्वविद्यालय में 28 सहायक आचार्यों की नियुक्ति हुई थी। एक शिकायतकर्ता की शिकायत पर नियुक्ति प्रक्रिया में हुई धांधली की जांच शासन द्वारा तीन सदस्यीय जांच समिति बनाकर कराई जा रही है। जांच समिति के अध्यक्ष निदेशक उच्च शिक्षा उत्तर प्रदेश, जिलाधिकारी बलिया के प्रतिनिधि सदस्य और जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय के सचिव हैं। इस मामले की जांच अभी चल ही रही है कि इसी बीच जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय के कुलपति ने एक बैठक बुलाई। जिसमें जिला कोषाधिकारी ममता सिंह को भी बुलाया गया। कोषाधिकारी का आरोप है कि बैठक समाप्त होने के बाद उनको कमरे में बंद कर दिया गया और उनसे जबरन सहायक आचार्य के पद पर नियुक्त हुए सहायक आचार्यों का वेतन रोकने के कागजात पर हस्ताक्षर कराया जाने लगा। इस बाबत में जिला कोषाधिकारी ने बताया कि जबरन उनसे लिखवाया जा रहा था कि उनके द्वारा उनका वेतन रोका गया है। ताकि वह इसे कोर्ट में पेश कर सकें। उन्होंने बताया कि जब वेतन जारी नहीं हुआ है, तो रोकने का कोई मतलब नहीं है। उनका कहना है कि कुलपति ने खुद कमरा बंद कराया और कुलपति के कहने पर ही उनको बंधक बनाया गया। उन्होंने इसकी शिकायत जिलाधिकारी से करने के साथ ही सुरक्षा की मांग की है।

### जिला कारागार के निरीक्षण में सचिव ने बंदियों की समस्या सुनी, जेलर को दिए निर्देश

**गाजीपुर।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देश पर शुक्रवार को जिला कारागार में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की पूर्णकालिक सचिव कामायनी दूबे द्वारा शिविर का आयोजन एवं जेल का निरीक्षण किया गया। उन्होंने बंदियों से नि:शुल्क अधिवक्ता, जेल लोक अदालत तथा उनकी जेल अपील से संबंधित अन्य समस्याएं पूछी एवं उनके यथोचित अधिकार के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। साथ ही बंदियों को उनके संवैधानिक अधिकारों के विषय में विस्तृत जानकारी दी गई। जेल अधीक्षक द्वारा बताया गया कि वर्तमान में कुल 1146 बंदी निरूद्ध है। जिसमें 1036 पुरूष, 50 महिला, महिला बंदियों के साथ कुल तीन बच्चे निरूद्ध है और 60 अल्पवयस्क है। बंदियों को सुबह का नाश्ता-दलिया, चाय, दोपहर का भोजन-रोटी, चावल, अरहर की दाल, सब्जी (आलू, मूली), शाम का भोजन-रोटी, चावल, उर्द, चना की दाल, सब्जी (आलू, मूली) दिया जाता है। सचिव द्वारा पुरूष एवं महिला बैरक का भी निरीक्षण किया गया तथा जेल के कई बंदियों से बात कर उनकी समस्याओं को समझने के साथ ही उनके निस्तारण का निर्देश दिया गया।

### जीआरईएफ जवान की ड्यूटी के दौरान हार्ट अटैक से मौत, मातम



**बलिया।** जम्मू कश्मीर के अखनूर में तैनात जिले के नरहीं निवासी शिवानंद सिंह की जनरल रिजर्व इंजीनियरिंग फोर्स में ड्यूटी के दौरान हार्ट अटैक से मौत हो गई। जवान की मौत होने की खबर जैसे गांव पहुंची, गांव में मातम छा गया। सूचना मिलने के बाद परिवार में कोहराम मच गया। जवान के शव शुक्रवार की देर रात तक घर आने की संभावना जताई जा रही है। बताया जाता है कि थाना क्षेत्र के दरियापुर निवासी नागेन्द्र नाथ सिंह 50 वर्ष पुत्र शिवानंद सिंह 1988 में आर्मी जीआरईएफ में भर्ती हुए थे। वह जम्मू के अखनूर में तैनात थे कि गुरुवार को ड्यूटी के दौरान दोपहर में दिल का दौरा पड़ा। जिनको उनके साथियों ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया। जिन्हें चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। इसकी सूचना जैसे ही परिवार में पहुंची उनके घर पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। इधर, परिजन व ग्रामीण अब शव आने का इंतजार कर रहे हैं। जवान का एक पुत्र अजय तथा दो पुत्रियां अंजली व राधा हैं। पत्नी रीता देवी का रोते रोते बुरा हाल है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत

**बलिया।** कोतवाली थाना क्षेत्र के जमुआ पुरानी बस्ती गांव में 23 वर्षीय विवाहिता की अपने ही घर में संदिग्ध परिस्थितियों में शुक्रवार की सुबह मौत हो गई। घटना की जानकारी होते ही विवाहिता के मायके में कोहराम मच गया। जिसके बाद वो भी आननफानन में पहुंच गये। इधर, घटना की जानकारी होने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्मार्टम के लिये भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार पुरानी बस्ती पप्पू की शादी खानपुर डुमरिया निवासी सीकू से हुई थी। इनकी एक दो साल की लड़की है। शुक्रवार की सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गयी। घटना की जानकारी होते ही मायके वाले मृतका के ससुराल पहुंच गये।

# वार्डों में ढक्कनयुक्त नाली से मच्छरों का प्रकोप हुआ कम : कृष्ण बिहारी

- गाजीपुर के सुभाष नगर वार्ड नंबर पांच में नवनिर्मित दो सड़कों का हुआ लोकार्पण
- वक्ताओं ने कहा- नगर में सर्वांगिण विकास हुआ है और हो रहा है

**केटी न्यूज/गाजीपुर**




कार्यक्रम में शामिल अधिकारी व नेतागण

नगर पालिका परिषद गाजीपुर द्वारा लोकार्पण का सिलसिला लगातार जारी है। उसी क्रम में सुभाष नगर वार्ड नंबर पांच में नवनिर्मित दो सड़कों का लोकार्पण मुख्य अतिथि भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य लोकसभा के संयोजक व पूर्व जिलाध्यक्ष कृष्ण बिहारी राय एवं नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष सरिता अग्रवाल द्वारा किया गया। इस अवसर पर कृष्ण बिहारी राय ने कहा कि नगर पालिका परिषद गाजीपुर में लगातार किए गए विकास कार्यों का लोकार्पण कर रहा है, जो अत्यन्त ही प्रशंसनीय है। उन्होंने कहा कि जो रिश्तेदार बाहर से नगर में आते थे, उनको यह महसूस ही नहीं होता था कि हम किसी शहर में आए हैं। लेकिन जिस प्रकार गलियों में नाली बनाकर ढक्कन ढालकर उसी लेबल में सड़क बना देने से सड़क चौड़ी हो गयी है। उससे लोगों के वाहन उनके घर तक पहुंच जा रहे हैं। ढक्कनयुक्त नाली से एक और लाभ हुआ है कि मच्छरों का प्रकोप भी कम हुआ है। उन्होंने पार्टी की तरफ से नगर के विकास हेतु प्रयासरत सरिता अग्रवाल उनके पति विनोद अग्रवाल व सभी सभासदों को धन्यवाद देते हुए अपनी शुभकामनाएं दी।

**नगर के विकास के लिए संकल्पित हैं हम :** नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष सरिता अग्रवाल ने कहा कि हम नगर के विकास के लिए संकल्पित हैं।

हर क्षेत्र में हम सबके प्रयास से विकास को गति दी गयी है साथ ही जन सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया गया है। डोर-टू-डोर कलेक्शन पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि हम जनता से अपील करते है कि नगर पालिका की गाड़ियां जब उनके द्वार पर जाए तभी कूड़ा दे बाहर सड़क पर न फेंके। विनोद अग्रवाल ने कहा कि सुभाष नगर वार्ड नंबर 5 के मियांपुरा में विजयकांत दुबे के मकान से शाहफैज पब्लिक स्कूल के मोड़ तक 10 लाख की लागत से ढक्कनयुक्त नाली व इण्टरलाकिंग सड़क एवं आमघाट में अमृता श्रीवास्तव के मकान से महेन्द्र श्रीवास्तव के मकान तक लगभग 4 लाख की लागत से इंटरलॉकिंग सड़क व ढक्कनयुक्त नाली कुल 14 लाख की लागत से बनी दो सड़कों का जनता के आवागमन के सुविधा हेतु लोकार्पित किया गया है। जिधर जाइए उधर ही विकास कार्यों का शिलापट्ट देखने को मिल जाता है। जो इस बात की गवाही देता है कि नगर में सर्वांगीण विकास हुआ है और हो रहा है। कार्यक्रम को अरविन्द सिंह पूर्व महामंत्री भाजपा, सुरेश बिन्द, गुलाम कादिर राइनी, संतोष जायसवाल, निर्गुणदास केशरी, सैफर्रहमान, पंकज श्रीवास्तव, कैलाशनाथ वर्मा आदि ने भी सम्बोधित किया।